दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



उत्कर्ष और नाना .......

किआरा नहीं बता पाईं राज्यों के नाम

वर्ष : 10 | अंक : 311 | लखनऊ, 23 अक्टूबर, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# शानदार जल प्रबंधन के लिए यूपी को मिला राष्ट्रीय जल अवार्ड

## राष्ट्रपति मुर्मु ने किया सम्मानित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। 22 अक्टूबर जल प्रबंधन और जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जल पुरस्कार से नवाजा गया है। ग्रामीण इलाकों में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने के साथ जल संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में शानदार काम के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को देश में दूसरा स्थान मिला है। मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने उत्तर प्रदेश को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश की ओर से नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव और आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से राष्ट्रीय जल पुरस्कार ग्रहण किया। सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में उड़ीसा को पहला और गुजरात एवं पुडुचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने हर घर तक नल से जल पहुंचाने की मुहिम में किए गए कार्यों और और जल संरक्षण की दिशा में किए गए अभिनव प्रयोगों की तारीफ की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भी उत्तर प्रदेश द्वारा बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंचाने और जल संरक्षण की दिशा में किए गए कार्यों को सराहा। जल संरक्षण और जल प्रबंधन के साथ-साथ उत्तर प्रदेश ने 2023 में सबसे तेजी से राज्य के 17900 गांवों को हर




घर नल से जल पहुंचाने का कीर्तिमान स्थापित किया था। 2023 में डायरेक्टर ग्राउंड वाटर और सचिव नमामि गंगे रहते हुए डॉ. बलकार सिंह ने जल संरक्षण और जल प्रबंधन के लिए कई अभिनव प्रयोग किए थे। जिसका लाभ जल प्रबंधन के साथ-साथ किसानों को सिंचाई में भी मिला।

प्रदेश में सिंचाई की व्यवस्था बेहतर करने के लिए कुल 6000 से अधिक चेक डैम और 1000 तालाबों का निर्माण किया गया। इसके अलावा जल संरक्षण के लिए 31360 सरकारी भवनों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया गया। 2022 से 2023 में 5 ब्लॉक अतिदोहित और क्रिटिकल श्रेणी से हटाए गए।

साथ ही 34 शहरों के औसत भूजल स्तर में सुधार हुआ। प्रदेश में 27,368 पारंपरिक जल निकायों का पुनरुद्धार किया गया। 17279 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया गया। यही वजह थी कि राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार ग्रहण करने के लिए अपर मुख्य सचिव नमामि गंगे के साथ तत्कालीन डायरेक्टर ग्राउंड वाटर, सचिव नमामि गंगे डॉ. बलकार सिंह मौजूद थे। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत उत्तर प्रदेश 22 अक्टूबर, 2024 तक 2 करोड़ 27 लाख 77 हजार 194 ग्रामीण परिवारों तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है। जिससे 13.66 करोड़ ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया हो रहा है। इससे पहले हाल ही में राज्य स्वच्छता एवं पेयजल मिशन को इंटरनेशनल ट्रेड शो में बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था।

# देर से ही सही, जिनपिंग को आखिरकार मोदी की बात समझ में आ ही गयी

## आसान नहीं था चीनी सैनिकों को पीछे हटाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लंबे तनाव के बाद आखिरकार भारत और चीन के संबंध सामान्य होते नजर आ रहे हैं। हम आपको बता दें कि भारत ने घोषणा की है कि भारतीय और चीनी वातार्कार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को रूस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच संभावित मुलाकात से पहले पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको बता दें कि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कई हफ्तों तक हुई बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया और यह 2020 में पैदा हुए गतिरोध के समाधान का



मार्ग प्रशस्त करेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी बताया है कि भारतीय और चीनी सैनिक एक बार फिर उसी तरह से गश्त शुरू कर सकेंगे, जैसे वे सीमा पर टकराव शुरू होने से पहले करते थे और चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

हम आपको बता दें कि मोदी और जिनपिंग के रूस के काजान शहर में बिक्स शिखर सम्मेलन के इतर आज या बुधवार को द्विपक्षीय मुलाकात करने की संभावना है। समझा जाता है कि यह समझौता देपसांग और डेमचोक में गश्त की शुरूआत करेगा, क्योंकि दोनों इलाकों में कई मुद्दों को लेकर गतिरोध बरकरार था। हम आपको याद दिला दें कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे भीषण सैन्य झड़प थी। पिछले कुछ वर्षों में कई दौर की सैन्य और राजनयिक वार्ता के बाद दोनों पक्ष टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हट गए थे। हालांकि, बातचीत में देपसांग और डेमचोक में गतिरोध दूर नहीं किया जा सका।

### मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफ्टी 25,013.85

# कुंदरकी सीट पर चार मुस्लिम उम्मीदवार के मैदान में होने से भाजपा गद्गद

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की नो विधान सभा सीटों पर चुनाव होना हैं इसमें से कुंदरकी विधान सभा सीट के लिये सपा और बीजेपी ने अभी तक अपने-अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा नहीं की है। सपा के लिये हमेशा से यह सीट फायदे का सौदा रही है। सपा मुस्लिम वोटों के सहारे यहां चुनाव आसानी से जीत जाती है, लेकिन इस बार बीजेपी मुस्लिम वोटरों में बिखराव के सहारे अपनी जीत सुनिश्चित करने में लगी है। सपा का गढ़ माने जाने वाली कुंदरकी विधानसभा सीट की राह 1993 के बाद से भाजपा के लिए हमेशा पथरीली रही है। सिर्फ 1993 में ही यहां कमल खिल सका है। 2012 से लगातार तीन चुनावों में साइकिल ही दौड़ती आ रही है। लंबे असरे बाद उपचुनाव लड़ रही बसपा ने रफतल्ला उर्फ नेता छिद्दा को प्रत्याशी घोषित किया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है तो आजाद समाज पार्टी (आसपा) ने चांद बाबू को मैदान में उतारा है। कुंदरकी सीट पर सपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं यानी टिकट घोषित नहीं किए हैं. सपा से पूर्व विधायक हाजी रिजवान के चुनाव लड़ने की प्रबल उम्मीद है तो ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने यहां से मोहम्मद वारिस को उतारा है. इस तरह चार विपक्षी दलों से मुस्लिम कैंडिडेट मैदान में है, जिसके चलते मुकाबला मुस्लिम बनाम मुस्लिम कुंदरकी सीट का हो गया है।

# बहराइच हिंसा में भाजपा के नेता शामिल, ऐसा हिटलर के जमाने में होता था : अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बहराइच में बीते दिनों हुई साम्प्रदायिक हिंसा के मुद्दे पर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ सरकार के कुछ नेता हिंसा में शामिल थे और ऐसा जर्मनी के तानाशाह हिटलर के जमाने में होता था जब पुलिस को हटाकर दंगाइयों को हिंसा करने की खुली छूट दी जाती थी। यादव ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बहराइच हिंसा का ठीकरा भाजपा के सिर फोड़ते हुए कहा, बहराइच में दंगा करने का काम अगर किसी ने किया तो वे भाजपा के नेता थे। पार्टी के विधायक अपनी ही कार्यकताओं पर मुकदमा दर्ज कर रहे हैं और उसमें दंगे की साजिश की धाराएं शामिल हैं। उन्होंने मीडिया में जारी एक खबर का जिक्र करते हुए कहा, एक वीडियो भी वायरल हुआ है और मैं बधाई देना चाहता हूं उस पत्रकार को जिसने हिम्मत जुटाकर छुपे हुए कैमरे के वीडियो से जानकारी हासिल की। पुलिस प्रशासन मौके पर कई घंटों तक



मौजूद ही नहीं था और उन्हें (दंगाइयों को) खुली छूट दी गई थी। सपा प्रमुख ने कहा, इसी तरह से हिटलर काम करता था। हिटलर अपनी पार्टी के कार्यकताओं को पुलिस की वर्दी पहनकर आगे कर देता था। हिटलर के जमाने में यह होता था कि पुलिस को हटा दो और दंगा होने दो। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना इसलिये करायी गयी क्योंकि भाजपा के लोग घबरा गए हैं। उनके पास महंगाई और बेरोजगारी का कोई जवाब नहीं है। वह आरक्षण छीन रही है। वह संविधान के तहत व्यवस्था को नहीं लागू होने देना चाहती। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने प्रदेश की नौ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में गड़बड़ी के लिये प्रशासनिक तंत्र के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कहा, पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार के लोग सब एकजुट हो गए हैं।

यादव ने कहा, प्रदेश में कानून व्यवस्था इस हद तक बिगड़ गई है कि पुलिस के साथ ही घटनायें हो रही हैं। कानपुर में महिला कांस्टेबल से दुष्कर्म की बात हो या फिर पुलिसकर्मी के पास से 25 लाख रुपये की जब्ती। यह केवल एक जिले में नहीं बल्कि हर जिले में यही स्थिति है। उच्चतम न्यायालय द्वारा बहराइच में बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाई जाने के बारे में पूछे जाने पर सपा प्रमुख ने कहा, देखिए उच्चतम न्यायालय या जनता की अदालत जब तक भाजपा को नहीं हटाएगी तब तक न्याय नहीं मिलेगा।

### संक्षिप्त समाचार

## 'पोस्टमॉर्टम की वीडियोग्राफी... एफएसएल की टीम करेगी क्राइम सीन की जांच'

यूपी में एनकाउंटर को लेकर नई गाइडलाइन जारी



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे जाने वाले अपराधियों का पोस्टमार्टम अब दो डॉक्टरों की संयुक्त टीम करेगी। साथ ही पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी करवाई जाएगी। विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम घटनास्थल की फोटोग्राफी कर क्राइम सीन की जांच करेगी। इन साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाएगा।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने उच्चतम न्यायालय व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पुलिस मुठभेड़ में अपराधी की मृत्यु होने पर तत्काल उसके परिवार को सूचित किया जाए। साथ ही सूचना के माध्यम का अभिलेखीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा है कि मुठभेड़ स्थल की फोटोग्राफी विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम से करवाई जाए। इसके साक्ष्यों को विवेचना में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि अभियोग की विवेचना संबंधित पुलिस थाने की बजाए क्राइम ब्रांच या दूसरे थाने से करवाई जाए। इस संबंध में डीजीपी की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि मुठभेड़ में घायल पुलिस कर्मचारी व अपराधी के शस्त्रों का भी परीक्षण किया जाए। साथ ही घायलों की मेडिकल रिपोर्ट को सीडी में सुरक्षित रखा जाए।

# बेंगलुरू में निर्माणाधीन इमारत गिरने से तीन लोगों की मौत

### 14 लोगों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मंगलवार को बेंगलुरु में एक निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम 14 श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना शहर के हेनूर इलाके में भारी बारिश के बीच हुई। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के सूत्रों ने पुष्टि की है कि उन्होंने तीन शव बरामद किए हैं। जीवित बचे लोगों या शवों को खोजने के लिए बचाव अभियान अभी भी जारी है। यह घटना मंगलवार को शहर के बाबूसाब पाल्या इलाके में हुई। इस बीच, बचाव दल ने अब तक 3



व्यक्तियों को सफलतापूर्वक बचाया है, और शेष लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।

जानकारी के अनुसार, अधिकारी मौके पर हैं, और आपातकालीन सेवाएं फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए काम कर रही हैं। इमारत ढहने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, और आगे की जानकारी का इंतजार है। बेंगलुरु के पूर्वी हिस्से में होरामावु अगरा इलाके में एक इमारत ढहने के बाद कम से कम 17 लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, पूरी इमारत ढह गई जिसके बाद लोग इसके नीचे फंस गए, एक अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने पीटीआई को बताया। बचाव अभियान में अग्निशमन और आपातकालीन विभाग की दो बचाव वैन को लगाया गया है। यह इमारत उस दिन गिरी जिस दिन शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। देश की आईटी राजधानी में मंगलवार को फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की पांच टीमों को तैनात किया गया था। उत्तरी बेंगलुरु में बारिश का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला क्योंकि येलहंका और उसके आसपास के कई इलाकों में बाढ़ आ गई। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका के अनुसार, मंगलवार आधी रात से मंगलवार सुबह 6 बजे तक येलहंका में मात्र छह घंटे में 157 मिमी (छह इंच) बारिश हुई। येलहंका के केंद्रीय विहार में कमर तक पानी भरा हुआ था। बचावकर्मियों ने लोगों को डोली की मदद से बचाया। जलभराव के कारण उत्तरी बेंगलुरु में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोगों ने घरों के अंदर रहना ही बेहतर समझा, जबकि कई यात्रियों की फ्लाइट, ट्रेन और बसें छूट गईं। जिन इलाकों में बाढ़ आई, वहां बच्चे स्कूल नहीं जा पाए। निचले इलाकों और झीलों के पास के कई घर जलमग्न हो गए।

# डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति बनीं मुख्य यजमान

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में आठवें दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसी क्रम में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव-2024 को ऐतिहासिक बनाने के लिए 22 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 7 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र सहित अन्य ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। कुलपति ने बताया कि प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से प्रांतीय दीपोत्सव का विश्व रिकॉर्ड बनेगा। श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद का होने वाले इस पहले दीपोत्सव के लिए भारतीय जनमानस सहित देश-दुनिया के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है जिससे दीपोत्सव के वॉलेंटियर्स व पदाधिकारी 30 अक्टूबर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल पर नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे।

# धमकी भरे फर्जी कॉल एक मजाक या किसी आतंकी साजिश का हिस्सा...

## भारतीय एयरलाइंस पर मंडरा रहा बड़ा खतरा!

### 30 फ्लाइटों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, काफी समय से फर्जी कॉल और फर्जी मेल करके धमकी देने का सिलसिला काफी ज्यादा बढ़ गया है। लगातार फर्जी कॉल्स के कारण सफर करने वाले यात्रियों को काफी ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 30 उड़ानों को नई धमकियाँ मिलीं। वही बात करें तो एक सप्ताह में 120 से ज्यादा फर्जी कॉल आ चुके हैं। क्या यह सच में फर्जी कॉल है या फिर किसी प्रकार की साजिश का हिस्सा। लगातार आखिर ये फर्जी कॉल्स की धमकियां क्यों बढ़ती जा रही हैं।

### 30 उड़ानों को नई धमकियाँ मिलीं

ताजा घटनाक्रम को अगर देखा जाए तो सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक कम से कम मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 30 उड़ानों को बम की धमकियों का सामना करना पड़ा। लक्षित उड़ानों में इंडिगो की 10, विस्तारा की 10 और एयर इंडिया की 10 उड़ानें शामिल थीं, जिन्हें इस अवधि के दौरान धमकियाँ मिलीं। कई फर्जी कॉलों से जुड़ी घटनाओं ने इस सप्ताह एयरलाइन को प्राप्त ऐसी धमकियों की कुल संख्या को 120 से ज्यादा कर दिया है।

### इंडिगो ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया

सबसे हालिया धमकियाँ जेद्दा, इस्तांबुल और रियाद जैसे प्रमुख गंतव्यों की उड़ानों को लक्षित करती हैं। इंडिगो ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का तुरंत पालन किया, यह सुनिश्चित किया कि सभी यात्री सुरक्षित रूप से उतरें और अधिकारियों को सतर्क किया जाए।

### यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतारा गया

प्रभावित उड़ानों में मंगलुरु से मुंबई जाने वाली उड़ान 6E 164 भी शामिल थी, जिसे सुरक्षा अलर्ट मिला था। यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतारा गया और पूरी सुरक्षा जाँच की गई। इसी तरह, अहमदाबाद से जेद्दा जाने वाली फ्लाइट 6E 75 को लैंडिंग के बाद आइसोलेशन बे में ले जाया गया, जहां मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंची

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच गई, सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। आनंद विहार, कालकाजी, नेहरू प्लेस और अक्षरधाम मंदिर जैसे इलाकों में कोहरे की मोटी परत देखी गई, जिससे शहर की वायु गुणवत्ता लगातार खराब होती गई।

गाजीपुर इलाके में भी धुंध छाई रही, जिससे दृश्यता और भी खराब हो गई। सीपीसीबी ने शहर की हवा को 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा है, जिससे निवासियों, खासकर सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रभाव की चेतावनी दी गई है। अगर मौसम की स्थिति प्रतिकूल रही तो प्रदूषण का स्तर ऊंचा रहने की उम्मीद है। कर्तव्य पथ पर आने वाले सैफ ने कहा, इन महीनों में खासकर



अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में सभी को सांस लेने में दिक्कत होती है। सरकार प्रदूषण को रोकने के लिए सही कदम उठा रही है। दिल्ली में स्थिति ऐसी है कि अगर समय रहते सही कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में काफी परेशानी हो सकती है। इससे पहले सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने समग्र एक्यूआई के 'बहुत खराब' श्रेणी में आने के बाद दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी-कक) के कार्यान्वयन का आदेश दिया था। सीपीसीबी के दैनिक एक्यूआई बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली में दैनिक औसत एक्यूआई 310 दर्ज किया गया। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, आईएमडी/आईआईटीएम द्वारा उपलब्ध कराए गए मौसम/मौसम संबंधी स्थितियों और वायु गुणवत्ता के लिए गतिशील मॉडल और पूवार्नुमानों के अनुसार, प्रतिकूल मौसम संबंधी और जलवायु परिस्थितियों के कारण आने वाले दिनों में दिल्ली का दैनिक औसत एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी (एक्यूआई 301-400) में रहने की संभावना है। सीएक्यूएम की उप-समिति ने निर्णय लिया कि 'बहुत खराब' वायु गुणवत्ता के लिए जीआरएपी के चरण कक के तहत सभी कार्रवाइयों को एनसीआर में संबंधित एजेंसियों द्वारा लागू किया जाना चाहिए। यह वायु गुणवत्ता को और अधिक खराब होने से रोकने के लिए है।

जीआरएपी के दूसरे चरण के लागू होने के साथ ही, एनसीआर में 11 सूत्री कार्ययोजना लागू की जा रही है। इस योजना में पहचानी गई सड़कों पर यांत्रिक/वैक्यूम स्वीपिंग और पानी का छिड़काव, निर्माण और विध्वंस स्थलों पर गहन निरीक्षण और निर्दिष्ट स्थलों पर एकत्रित धूल का उचित निपटान शामिल है।

## संक्षेप

### करवाचौथ पर हर्ष फायरिंग करना प्रधानपति को पड़ा महंगा, गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। भगवानपुर गांव में करवाचौथ पर लाइसेंसी रिवॉल्वर से नाबलिक बेटे संग मिलकर हर्ष फायरिंग करना प्रधानपति सत्य प्रकाश सोनी को महंगा पड़ गया ।मगंलवार को प्रधानपति सत्य प्रकाश सोनी व उसके नाबालिक बेटे द्वारा कई राउंड फायरिंग करने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया ।सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग के वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर एसीपी रजनीश वर्मा ने निगोहां थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को हर्ष फायरिंग करने वाले प्रधानपति पर कार्यवाही के निर्देश दिये। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये प्रधानपति को गिरफ्तार कर हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद किया। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया हर्ष फायरिंग करने वाले प्रधानपति पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त रिवॉल्वर बरामद कर लिया गया है ।असलहे का लाइसेंस निरस्त करने के लिये जिलाधिकारी को रिपोट भेजी जायेगी।

### दबंगो ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गदियाना गांव निवासी गुड्डी ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते रविवार की रात जुआ खेलने के दौरान हुये विवाद को लेकर गांव के ही अजय अपने भाई आशीष व पिता रामकुमार व गप्पी के साथ मिलकर उसके बेटे सूरत की लाठी डंडो व लात घूसो से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकले ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# परिवार से बिछड़े 93 हजार से अधिक बच्चों को योगी सरकार ने मां-बाप से मिलाया

**परिवारों में लौटी खुशियां**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। प्रदेश में बाल संरक्षण के लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रयासरत हैं।उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज बाल संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश सरकार लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में बच्चों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है।योगी सरकार की सक्रियता और जनहितकारी नीतियों के चलते अब तक 93,658 से अधिक बिछड़े हुए बच्चों को उनके माता-पिता या अभिभावकों से मिलाने में सफलता प्राप्त की है।इस अभूतपूर्व प्रयास ने हजारों परिवारों में खुशियां लौटाई हैं।

केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही योगी सरकार यूपी में विकास को एक नया आयाम दिया है। परिमाणस्वरूप उत्तर प्रदेश आज हर क्षेत्र में प्रगति की नई इबारत लिख रहा है। उत्तर प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्र सरकार की "मिशन वात्सल्य योजना" के अंतर्गत बाल संरक्षण के तहत राज्य सरकार ने 1645 बच्चों को गोद लेकर पुनर्वासित किया है। यह पहल न केवल इन बच्चों को सुरक्षित और प्रेमपूर्ण वातावरण में पलने-बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है, बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा भी दे रही है।इस कदम से प्रदेश के अनेक बेसहारा बच्चों को एक नई जिंदगी मिली है।

**टास्क फोर्स का गठन से मिल रहा त्वरित न्याय**

इसके अलावा, योगी सरकार ने सभी जनपदों में टास्क फोर्स का गठन कर 1707 बाल विवादों का त्वरित निपटारा किया है।इन टास्क फोर्सों ने विवादित मामलों में तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्चों को न्याय दिलाने में मदद की है।इस पहल से प्रदेश में बाल अधिकारों को सशक्त किया गया है और बच्चों के जीवन में सुधार लाने के प्रयासों को बल मिला है।

**बच्चों को प्रशिक्षित कर उन्हें स्वावलंबी बना रही योगी सरकार**

योगी सरकार की बाल संरक्षण नीति के अंतर्गत 11,860 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिला है, जबकि 2 बच्चों को फॉस्टर केयर के जरिए सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है।यह योजना बच्चों की सुरक्षा और उनके बेहतर भविष्य के लिए एक बड़ा कदम साबित हो रही है।राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के तहत भी प्रदेश में 1015 किशोर-किशोरियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें से 29 किशोरों को रोजगार प्राप्त हुआ है। इसका उद्देश्य किशोरों को स्वावलंबी बनाना और उन्हें समाज में एक सम्मानजनक स्थान दिलाना है। प्रदेश में चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सेवा भी 75 जनपदों में सक्रिय रूप से कार्यरत है, जिससे बाल संरक्षण के लिए त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। बाल संरक्षण के लिए योगी सरकार की नीतियां और उनके क्रियान्वयन से बाल अधिकारों की सुरक्षा और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं।

## तीन किलो बारूद के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बंथरा।बंथरा नगर पंचायत में एक युवक को तीन किलो बारूद व 47 डिब्बे पटाखों के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया।युवक अवैध तरीके से पटाखे बनाने का काम कर रहा था जिसकी सूचना मुखबिर ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को 3 किलो बारूद व 47 डिब्बे पटाखों के साथ धर दबोचा।

बताया गया कि अंकुर मौर्य पुत्र शिव विशाल मौर्य उम्र लगभग (40) वर्ष निवासी बंथरा सिकंदरपुर का है। युवक पटाखों का कारोबार अवैध तरीके से कर रहा था। दीपावली आने से पहले अपनी दुकान रंग बिरंगे पटाखों से भरने वाला था कि तभी पुलिस मुखबिर की सूचना पर छापा मार दी।इस दौरान पुलिस पटाखे समेत 3 किलो बारूद भी बरामद की ।सूत्रों की माने तो अवैध रूप से पटाखे बनाने का कारोबार अंकुर मौर्य कर रहा था जिसको लेकर लोगों में डर था कि कहीं कोई विस्फोट ना हो जाए जिससे जनहानि हो।उधर पुलिस की सक्रियता के चलते मुखबिर की सूचना पर मिली जानकारी के दौरान छापेमारी की गई इस छापेमारी के अंतर्गत बारूद के साथ पटाखे की डिब्बे भी मिले जिनको लेकर क्षेत्रीय पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है ।अवैध कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया है वहीं इस संबंध में बंथरा प्रभारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नगर पंचायत बंथरा गांव में एक अवैध पटाखे बनाने वाले कारोबारी की सूचना मिली। सूचना पर छापेमारी की गई जहां से लगभग 3 किलो बारूद व पटाखे के पैकेट की बरामदगी की गई है।पटाखे बनाने वाले इस अवैध कारोबारी के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य कार्रवाई की जा रही है।

## युवा शक्ति को कुशल बनाने का आधार बन रही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना, 13.14 लाख गैजेट किए गए वितरित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।उत्तर प्रदेश देश में सबसे बड़ी युवा शक्ति वाला राज्य है। ऐसे में, प्रदेश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उसे वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के अनुसार कौशल प्रदान करने की दिशा में योगी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। इस कड़ी में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना बेहद प्रभावी साबित हो रही है।

सीएम योगी के विजन अनुसार, इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में वर्ष 2021 से 2023 के बीच 19.84 लाख टैब व 26.91 लाख स्मार्टफोन समेत कुल 46.75 लाख गैजेट वितरित किए जा चुके हैं। इतना ही नहीं, 13.14 लाख गैजेट (जिनमें 12.94 लाख स्मार्टफोन व 20 हजार से ज्यादा टैबलेट शामिल हैं) को पात्र विद्यार्थियों को आवंटित करने पर योगी सरकार का विशेष फोकस है।ऐसे में, प्रदेश में पात्र विद्यार्थियों को गैजेट्स के वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने वाले जिलों को चिह्नित किया गया है जिसमें से 8 जिलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। वहीं, विद्यार्थियों को टैबलेट वितरण की दिशा में 6 जिलों में 70 प्रतिशत से ज्यादा आवंटन की दर रही है और 10 टॉप जिलों में 69 प्रतिशत से ज्यादा सफलतापूर्वक आवंटन हो चुका है।

**पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हुई थी शुरूआत**

सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश में युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए न केवल स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण हो रहा है बल्कि डिजी शक्ति पोर्टल के जरिए सरकार की योजनाओं और कौशल विकास के विभिन्न कोर्सेस का एक्सेस व एंड टू एंड मॉनिटरिंग उपलब्ध कराया जा रहा है।परियोजना को प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए 2021-22 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। वर्ष 2022-23 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना को प्रदेश में 5 वर्षों के लिए लागू किया गया।

## योगी राज में अपराधियों - माफियाओं को दिखाई जाती है उनकी सही जगह - डॉ. राजेश्वर सिंह

- पुलिस पर 'हथकड़ी' जैसे शब्दों का प्रयोग कर अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाले, अपना जंगलराज भूले हैं – डॉ. राजेश्वर सिंह

सपा सरकार में पुलिस अधिकारियों के मान – सम्मान से लेकर उनका जीवन तक सुरक्षित नहीं था – डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधानसभा उप चुनावों की बढ़ती सरगर्मी के बीच मंगलवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार किया। डॉ. सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जबाब देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आईएएस अधिकारियों के प्रशिक्षण पर उंगली उठाकर और पुलिस पर 'हथकड़ी' जैसे शब्दों का प्रयोग कर प्रशासनिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने वाले अपना 'जंगलराज' भूल गए लेकिन जनता नहीं भूली है !"

डॉ. सिंह ने सपा सरकार को घेरते हुए आगे लिखा, सपा सरकार में पुलिस अधिकारियों का मान - सम्मान, जीवन तक सुरक्षित नहीं था, ईमानदार आईएएस अधिकारियों का काम करना भी मुश्किल था, वर्ष 2005 में सपा संरक्षित गुंडों ने कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी राजेश साहनी को जीप की बोनट पर लटकाकर कैसरबाग से हजरतगंज तक खींचा था, वर्ष 2013 में सपा संरक्षण में कुंडा सीओ जिया उल हक की नृशंस हत्या की गई, सपा संरक्षण में ही मथुरा एसपी सिटी मुकुल द्विवेदी की हत्या हुई थी।

समाजवादी सरकार द्वारा आईएएस अधिकारियों पर की गयी कार्रवाइयों का उल्लेख करते हुए डॉ. सिंह ने आगे लिखा वर्ष 2013 में ही सपा सरकार ने तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पार कर मस्जिद की अवैध दीवार गिरवाने पर कर्तव्यनिष्ठ आईएएस अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल को निलंबित किया, यही नहीं निलंबन को सही ठहराते हुए केंद्र से सभी कअर अधिकारियों को वापस बुला लेने की असंवैधानिक मांग तक की। सपा सरकार ने काले धन के विरुद्ध आवाज उठाने पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विजय शंकर पाण्डेय जी पर विभागीय जांच करवाकर परेशान किया, सुप्रीम कोर्ट को मजबूरन विभागीय जांच को निरस्त करने का आदेश देना पड़ा और यूपी सरकार पर 5 लाख का जुमार्ना भी लगाया।

विधायक डॉ. सिंह ने सीएम योगी योगी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए आगे लिखा, "जनता सपा सरकार का 'कुशासन' न भूली है, न भूलेगी, न ही उनके जाति - धर्म आधारित किसी भी प्रलोभन में आएगी, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी देश का ग्रोथ इंजन है, यहां अपराधियों - माफियाओं को सही जगह दिखाई जाती है, यूपी का सुशासन मॉडल पूरे देश में अनुकरणीय है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर लिखा था, यूपी की पुलिस के हाथों में सरकारी दबाव की हथकड़ियाँ पड़ी हैं, बंधे हाथों से निष्पक्षता और न्याय की उम्मीद करना बेमानी है।

## युवती संग दुष्कर्म कर गाली गलौज व मारपीट करने के आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आलमबाग पुलिस ने मंगलवार को थाना क्षेत्र स्थित लंगडा फाटक चौराहे के पास से युवती संग दुष्कर्म कर गाली गलौज व मारपीट करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है ।आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने अपना परिचय हर्ष श्रीवास्तव उर्फ आकाश पुत्र राजेश श्रीवास्तव ओसोनगर कनौसी थाना कृष्णानगर लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। बीते 21 अक्टूबर को एक 24 वर्षिय युवती ने गिरफ्त में आए युवक पर दुष्कर्म कर गाली गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा नामजद शिकायत की थी ।पीडिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## एसीपी व प्रभारी निरीक्षक ने कस्बे में किया पैदल मार्च, अतिक्रमण ना करने की दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कस्बे में सड़को पर बेतरबीन खड़े होने वाले वाहनो व ई रिक्शो व दुकानो के आगे किये गये अतिक्रमण के चलते प्रतिदिन लगने वाले जाम के झाम से निजात दिलाने को मोहनलालगंज सर्किल के एसीपी रजनीश वर्मा ने खुद कमान सभांली है ओर वो प्रतिदिन प्रभारी निरीक्षक आलोक राव समेत भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल मार्च कर दुकानदारो व ठेले वालो समेत ई रिक्शा व आटो चालको को लाउडस्पीकर से अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी व हिदायत दे रहे है ।एसीपी रजनीश वर्मा ने प्रभारी निरीक्षक आलोक राव व समेत पुलिस फोर्स के साथ मगंलवार की शाम कस्बे में पैदल मार्च करते हुये ठेले वालो को सड़क के किनारे बने नाले के ऊपर ठेले लगाने के निर्देश दिये, उन्होने साफ कहा सड़क पर ठेले मिले तो चालान कर जुमार्ना लगाया जायेगा उन्होने दुकानदारो से कहा दुकानो के बाहर कोई भी बोर्ड ना रखे सड़को पर अतिक्रमण कर दुकानो का सामान ना लगाये, ग्राहको व स्वंय के वाहनो को सफेद पट्टी के अंदर खड़ा करे ।उन्होने ई रिक्शा व आटो समेत चार पहिया वाहनो को भी चेतावनी देते हुये कहा सड़क पर गलत ढंग से वाहनो को कताई ना खड़ा करे नियमो का उल्लघंन करने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी ।तहसील व थाने के सामने चार पहिया वाहनो का खड़ा होना प्रतिबंधित है दोनो जगह आने वाले लोग अपने वाहन तहसील के पीछे बनी अस्थाई पार्किंग में खड़ा करे ।गलत तरीके से चार पहिया वाहन खड़े पाये जाने पर चालान किया जायेगा।

## उधारी की देनदारी से बचने के लिये महिला ने लिखाया था लूट का झूठा मुकदमा

**नगराम में महिला व उसके बेटे को चाकू व गनप्वाइंट पर लेकर हुयी लूट की घटना निकली झूठी, पुलिस ने महिला के पास से बरामद किये जेवरात व नगदी**

अमन लेखनी समाचार

नगराम ।नगराम थाना क्षेत्र के के लोधपुरवा गांव में एक सप्ताह पहले महिला व उसके मासूम बेटे को चाकू व गनप्वाइंट पर लेकर बदमाशो द्वारा जेवरात व नगदी लूटने की घटना पुलिस की जांच में झूठी निकली ।पुलिस ने पीड़ित के घर से ही जेवरात व नगदी बरामद की है ।पुछताछ में महिला ने उधारी की देनदारी से बचने के लिये लूट की झूठी कहानी रचने की बात पुलिस को बताई है ।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया नगराम कस्बे के लोधपुरवा निवासी रोशनी ने पुलिस को सूचना देते हुये बताया था 15अक्टूबर की देर रात उसके घर में घुसे अज्ञात बदमाशो ने उसकी गर्दन पर चाकू व मासूम बेटे को गनप्वाइंट पर लेकर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात व पांच हजार की नगदी लूट कर भाग निकले थे ।पीड़ित महिला की तहरीर पर अज्ञात बदमाशो पर लूट की धारा में मुकदमा ? दर्ज कर थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने पुलिस टीम के साथ जांच शुरू की तो घटना सदिग्धं प्रतीत हुयी जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित से पुछताछ की तो वो हर बार घटना के सम्बंध में पुलिस को नयी कहानी बताने लगी ।जिसके बाद पुलिस ने कड़ाई से पुछताछ की तो उसने बताया उधारी की देनदारी से बचने के लिये उसने लूट की झूठी कहानी रची थी जेवरात व पैसे उसके पास सुरक्षित है जिसके बाद पुलिस ने महिला रोशनी के पास से जेवरात व नगदी बरामद की ।पुछताछ में महिला ने बताया वो जेवरात व नगदी चोरी होने की अफवाह फैलाना चाह रही थी, जिसके लिये उसने अलमारी खोलकर सारा सामान बिखेर दिया था ओर 16अक्टूबर की सुबह जब चोरी होने की बात परिजनो को बताई तो कुछ एक लोगो ने मौके पर पहुंचकर चोरी की बजाय सनसनी फैलाने के लिये चाकू व गनप्वाइंट पर लेकर लूट होने की कहानी पुलिस को बताने के लिये कहा ।जिसके बाद उसने पुलिस को लूट वाली स्क्रिप्ट बताई थी ।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पुछताछ में महिला ने कुछ एक नाम बताये है जिन्होने सनसनी फैलाने व पुलिस की छवि खराब करने के लिये महिला को तैयार किया था ।जल्द ही उक्त लोगो पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## यूपी में परिवहन विभाग की ये 47 सेवाएं होंगी ऑनलाइन, घर बैठे होंगे लाइसेंस-परमिट से जुड़े कार्य

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वाहन, लाइसेंस और परमिट से जुड़े कार्यों के लिए अब आरटीओ-एआरटीओ कार्यालय नहीं जाना होगा। प्रदेश में 47 सेवाएं और आनलाइन होने जा रही हैं, एनआइसी व परिवहन अधिकारी मिलकर सुविधाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। देश में यूपी पहला राज्य होगा, जहां आम लोग परिवहन विभाग की सभी 58 सेवाएं घर बैठे पा सकेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग ने 2022 में 58 सेवाओं को आनलाइन करने की स्वीकृति दी थी, उनमें नौ सेवाएं 14 अक्टूबर को आनलाइन हो चुकी हैं, साथ ही लर्निंग लाइसेंस व नियमित डीएल जैसी सेवाएं पहले से आनलाइन हैं। मंगलवार परिवहन मुख्यालय पर एनआइसी की टीम ने वाहन व परमिट की सेवाओं को आनलाइन करने का प्रस्तुतीकरण दिया। इसमें अधिकांश ठीक रहीं, जबकि कुछ में और सुधार करने का निर्देश परिवहन अधिकारियों ने दिया है। वहीं, सारथी पोर्टल की सेवाओं का प्रस्तुतीकरण जल्द ही होगा, उसके बाद सभी 47 सेवाओं को आनलाइन कर दिया जाएगा। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने बताया कि आनलाइन हो रही सेवाओं में कुछ ऐसी हैं, जिनमें गड़बड़ी होने की आशंका है। इसलिए आवेदन आनलाइन होगा, लेकिन स्क्रूटनी के लिए आरटीओ-एआरटीओ कार्यालय आना पड़ेगा। इनमें राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से जारी परमिट है। इसमें वाहन मार्ग आनलाइन अपलोड हो रहे हैं, लेकिन परमिट का रिनीवल आदि के लिए कार्यालय आना होगा। ऐसे ही वाहन बिक्री का अनापत्ति प्रमाणपत्र देने में गड़बड़ी रोकने के लिए आवेदक को कुछ देर के लिए आना होगा। अन्य अधिकांश सेवाओं में लोगों को घर बैठे सुविधा मिल जाएगी। अस्थायी परमिट आवेदन, परमिट प्राधिकृत का नवीनीकरण, परमिट का नवीनीकरण, परमिट का हस्तांतरण (मृत्यु मामले में), परमिट का हस्तांतरण, परमिट का स्थायी समर्पण, गैर उपयोग सूचना परमिट, नवीनतम परमिट जारी करना, व्यापार प्रमाणपत्र/नवीनीकरण जारी करना, किराया खरीद करार की समाप्ति, किराया खरीद करार की अनुशंसा, अतिरिक्त आजीवन कर का भुगतान (स्वामित्व का हस्तांतरण मामला), मोटर वाहन के स्वामित्व के लिए हस्तांतरण आवेदन, मोटर वाहन के स्वामित्व के लिए हस्तांतरण की सूचना, पंजीकरण संख्या का प्रतिधारण (रीटेंशन), पंजीकरण प्रमाणपत्र में पता बदलना, पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र देने के लिए आवेदन, चालक को सार्वजनिक सेवा वाहन बिल्ला जारी करना, रक्षा ड्राइविंग आदि।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर** द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरणः** टेण्डर नं.-"20-जीकेपी-एमडब्लूएस-2024-25" "स्ट्रिपिंग, लेयींग, थर्मल वैल्डिंग ऑफ पीवीसी & स्ट्रिपिंग ऑफ कॉम्परेग शीट इन मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर फॉर 12 मन्थस"। **अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 48,81,165.84, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 97,600.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 11.11.2024 11.00 बजे, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **संविदा की अवधिः** 12 माह, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर**

**मुजाधि/यांत्रिक-70**

**"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"**

## यूपी में शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी, पेंशन में जुड़ेगा नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की पेंशन में नोशनल वेतन वृद्धि का लाभ जोड़ा जाएगा। अगर कोई शिक्षक व कर्मचारी 30 जून या 31 दिसंबर को रिटायर हो रहा है और उसकी वेतन वृद्धि ठीक अगले दिन एक जुलाई या एक जनवरी को नियत है तो उसे इसका लाभ दिया जाएगा। अभी तक इसका लाभ उन्हें नहीं दिया जाता था मगर अब उन्हें बड़ी राहत दे दी गई है। विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा अवधेश कुमार तिवारी की ओर से इसके आदेश जारी कर दिए गए हैं।वेतन वृद्धि की नियत तारीख से मात्र एक दिन पूर्व रिटायर होने वाले शिक्षकों दीपावली से पहले राज्य सरकार ने बड़ा उपहार दे दिया है।परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में कुल साढ़े चार लाख शिक्षक और एक लाख शिक्षणेत्तर कर्मचारी कार्यरत हैं।मालूम हो कि बीते 12 जून को वित्त विभाग से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भांति ही लाभ देने की मांग की गई थी।

## सहायक पुलिस आयुक्त ने पुलिस बल के साथ सड़क पर अतिक्रमण हटाने का चलाया अभियान

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज लखनऊ . मोहनलालगंज क्षेत्र में जाम की समस्या को देखते हुए सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा पुलिस बल को साथ लेकर लगातार प्रयास कर रहे है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस उपायुक्त दक्षिणी केशव कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश कुमार यादव के पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा के नेतृत्व में थाना मोहनलालगंज क्षेत्र में सड़क पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त रजनीश वर्मा ने खुद सड़क पर उतरकर जाम को मुक्त कराया तथा लखनऊ रायबरेली राज्य मार्ग के पटरियों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वालो के अतिक्रमण खाली कराया गया व सड़क पर दुकान लगाने वालों को कड़ी चेतावनी दी गई साथ ही साथ सड़क पर स्थित दुकानदारों को लाउडस्पीकर से घोषणा करवा कर निर्देशित किया गया एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि दिन प्रतिदिन जाम कि समस्या से यातायात बाधित हो जाता है इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है इसके लिए लाउड स्पीकर से घोषणा भी कराई जा रही है इसके साथ ही यह भी बताया कि ठेला लगाने वालो को हिदायत दिया गया है कि सडक से उतरकर अपना ठेला लगायें व सड़क पर स्थित दुकानदारों को बताया गया है कि सड़क पर किसी प्रकार का कोई बोर्ड न रखें तथा दुकानों से कहा गया कि बाहर सामान रखकर अतिक्रमण न करें और न वाहनों को सड़क पर खड़ा होने दें कस्बे के अन्दर जाने वाले मार्ग पर मिठाई चाट व फल तथा किराना दुकानदारों द्वारा रास्ते पर बेन्च काउण्टर तख्त कैरट तथा अन्य सामान को रखकर अतिक्रमण कर लिया जाता है जिससे रास्ता अवरुद्ध हो जाता है और राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है कई लोग तो अपने घरों के सामने रास्ते पर ई रिक्शा व ठेले आदि खड़ा करते हैं जिससे असुविधा होती है सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा पूरे कस्बे में भ्रमण कर पैदल मार्च करते हुए चौबीस घंटों के अन्दर रास्तों से अतिक्रमण हटाने को कहा गया है इसके आलावा सड़क पर अगर कोई भी दुकानदार अतिक्रमण करेगा तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी तहसील मोहनलालगंज गेट के सामने सड़क पर वाहन खड़ा करने वालो से आग्रह किया गया कि अपने- अपने वाहन को तहसील के पीछे बने अस्थाई पार्किंग में खड़ा करें जिससे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो इसके अलावा सभी से एसीपी रजनीश वर्मा ने आग्रह भी किया कि सड़क को अतिक्रमण और जाम से मुक्ति दिलाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा इसमें पुलिस को सभी के सहयोग की जरूरत है बिना सबके सहयोग के यह अभियान सफल नहीं होगा इसलिए पुलिस ने सभी लोगों से सहयोग कि अपेक्षा की है

# मंदिर निर्माण की मिली अनुमति जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। स्थित रानीपुर गांव का शिव मंदिर पिछले सात दशक से क्षेत्रवासियों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। अब जल्द ही नए स्वरूप में नजर आएगा। मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग को लेकर 'नर सेवा नारायण सेवा' के संस्थापक और हिन्दू नेता विमल द्विवेदी ने एसडीएम सदर न्यायिक से मुलाकात कर निर्माण की अनुमति मांगी थी, जिसे प्रशासन ने हरी झंडी दे दी है।

विमल द्विवेदी ने एसडीएम को सौंपे गए प्रार्थनापत्र में कहा कि यह शिव मंदिर प्राणप्रतिष्ठित शिवलिंग के साथ स्थापित है और इसके आस-पास के दर्जनों गांवों की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, ₹मंदिर के ऊपर खुला आसमान होना हम सनातनियों की आस्था को ठेस पहुंचाता है।₹विमल द्विवेदी ने दावा किया कि कुछ मुस्लिम पक्ष मंदिर के जीर्णोद्धार में अड़चनें डालने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा, ₹मंदिर में भजन-कीर्तन रोकने का प्रयास अस्वीकार्य है, खासकर जब थोड़ी दूरी पर मस्जिद है।₹ द्विवेदी ने मद्रास हाईकोर्ट के हालिया फैसले का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी मंदिर या धार्मिक शोभायात्रा को केवल इस आधार पर नहीं रोका जा सकता कि अब वह गांव मुस्लिम बहुल हो गया है।विमल द्विवेदी की इस मांग पर प्रशासन ने गंभीरता से विचार किया और मंदिर के जीर्णोद्धार की अनुमति दे दी। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। इस मौके पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।प्रशासन की पहल से क्षेत्र में शांति की उम्मीद वहीं, नायब तहसीलदार स्नेहा ने बताया कि दोनों पक्षों से वार्ता हो चुकी है और निर्माण कार्य पर सहमति बन गई है। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्र में शांति बनी रहे और सभी धार्मिक गतिविधियों का सम्मान हो।

## संक्षेप

### राज्य सभा सांसद के प्रयासों से चिलौली आदर्श ग्राम में शामिल

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत ग्राम चिलौली आदर्श ग्राम की सूची में शामिल हुआ।माननीय राज्य सभा सांसद महोदय मुख्य सचेतक भारतीय जनता पार्टी लक्ष्मीकांत बाजपेई जी के प्रयासों से ग्राम पंचायत चिलौली को समग्र विकास योजनाओं से संतृप्त कर आदर्श ग्राम बनाने का प्रयास रंग लाया। माननीय राज्य सभा सांसद जी के कार्यों एवं कार्यक्रमों को समाज सेवी ग्राम वासी चिलौली विनय दीक्षित जी देख रहे हैं। उनकी देख रेख में विकास कार्य हो रहे हैं उनकी सोच है कि चिलौली ग्राम विकसित ग्रामों की सूची में शामिल हो।विनय दीक्षित ने बताया जिला कृषि अधिकारी उन्नाव को उक्त ग्राम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। दिनांक 6 नवंबर 2024 को ग्राम पंचायत भवन या किसी सार्वजनिक स्थल पर खण्ड विकास अधिकारी बीघापुर के साथ अपना विभागीय स्टाल लगवाएंगे। संबंधित सचिव एवं ग्राम प्रधान चिलौली को सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि उक्त तिथि से पूर्व समस्त लाभार्थियों को सुचित कर दिया जाय ताकि उपस्थिति शत प्रतिशत हो।

### ई रिक्शा ने वृद्धा को मारी टक्टर हालत गम्भीर

बांगरमऊ, उन्नाव। विपरीत दिशा से आ रहे हैं अनियंत्रित ई रिक्शा की टक्कर से 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे राहगीरों ने सीएससी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल कर दिया।बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अटवा वैक गांव निवासी सुशीला देवी 80 पत्नी स्वर्गीय लालचंद्र आज सुबह अपने गांव से अपनी विवाहित पुत्री निशा देवी को बुलाकर दवा लेने बांगरमऊ नगर आई थी। जहां से दवा लेकर हरदोई उन्नाव मार्ग पर अपनी सीधी दिशा में जा रही थी। तभी सामने से विपरीत दिशा में आ रहे एक अनियंत्रित ई रिक्शा ने उनके जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की मदद से उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही टक्कर मार कर भाग रहे ई रिक्शा को चालक सहित पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया।

### धनुष यज्ञ में लक्ष्मण परशुराम संवाद का किया गया मंचन

बांगरमऊ, उन्नाव। गंजमुरादाबाद के राम लीला मैदान में आज धनुष यज्ञ, रावण बाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद, लीला का मंचन श्रेष्ठ कलाकारों द्वारा किया गया। राजा जनक ने सीता स्वयंवर के लिये देश विदेश के राजा महाराजा बुलवाये, लेकिन धनुष किसी से भी नहीं टूटा, क्योंकि सभी राजाओं के मन में अहंकार था। यह देख राजा जनक व्याकुल होकर विलाप करने लगे और इस प्रथ्वी को वीर विहीन कहा जिसे सुनकर लक्ष्मण ने क्रोध किया तब गुरुवर ने आदेश दिया तो पहले राम ने सभी को प्रणाम किया, और धनुष को तोड़ दिया। यह देख सभा में राम की जय जयकार होने लगी। सीता भी प्रफुल्लित हो गई और उन्होंने राम के गले में वरमाला पहनाकर मन ही मन भगवान को धन्यवाद ज्ञापित किया। धनुष का टूटना सुनकर परशुराम का आगमन होता है वह बहुत क्रोधित होते हैं और लक्ष्मण परशुराम का बहुत वीरता पूर्ण संवाद हुआ। जनक का अभिनय लक्ष्मीकांत अवस्थी, रावण की भूमिका में रावेन्द्र बाजपेई, बाणासुर की भूमिका बैजनाथ , परशुराम की भूमिका में राजू मिश्रा, और लक्ष्मण की भूमिका में अभिषेक त्रिपाठी के अभिनय की सभी ने सराहना की।

## चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 159 वाहनों का किया ई चालान

उन्नाव। बढ़ती लूट और चोरी की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर थाना पुरवा में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य चैन स्नेचिंग और लूट की घटनाओं को रोकना और अपराधियों पर शिकंजा कसना है।अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सचन क्षेत्रों, हाट बाजारों, सरार्फा बाजार, बैंकों, पेट्रोल पंपों और प्रमुख स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 159 वाहनों का ई-चालान किया गया, जिसमें तीन सवारी, बिना हेलमेट और वैध दस्तावेज न होने पर चालान काटे गए। इसके साथ ही, 73 मोटरसाइकिलों को सीज कर थाना परिसर में लाया गया।एसपी दीपक भूकर ने बताया कि यह अभियान सिर्फ अपराधियों को पकड़ने के लिए नहीं, बल्कि जनता को सुरक्षा का एहसास कराने के लिए है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना पुरवा प्रभारी राकेश गुप्ता ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे ताकि अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

# सालिगराम तुलसी विवाह लीला का भावपूर्ण किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही रासलीला रामलीला के पांचवें दिन जलंधर उद्धार और सालिगराम तुलसी विवाह लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया।वही सुबह की पाली में परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ।नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई और जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा ने श्रीहरि स्वरूप की आरती उतार लोक मंगल की कामना की। लीला प्रसंग में दिखाया गया कि इंद्र ने अपने अभिमान में शिवजी का अपमान कर दिया था, जिस पर क्रोधित शिव ने इंद्र को दंड देने के लिये ही जलन्धर को उत्पन्न किया।त्रिदेवों की शक्ति लेकर इंद्र से युद्ध करने पहुंचे जलन्धर का इन्द्र ने सामना नहीं किया।भागते हुए त्रिदेव से प्राणों की रक्षा की गुहार लगाई। जलन्धर के त्रिशक्ति के आगे बेबस देवता माया से अदृश्य हो गए। उन्हें खोजते हुए जलंधर एक बाग में पहुंचा। जिसकी स्वामिनी देवी वृन्दा थी। उनकी प्रतिज्ञा थी कि जिस दिन वे इस बाग में किसी पुरुष का दर्शन करेगी उसी से उसका विवाह होगा।इस शर्त के कारण जलंधर से देवी वृन्दा के विवाह के बाद राजमहल में रुकने एवं स्वयं देवताओं की खोज में जाने लगा। पति को युद्ध के लिए जाते देख देवी वृन्दा ने एक माला उस के गले मे डालते हुए कहा कि जब तक मेरा सतीत्व है, आपको कोई मार नहीं सकता। माला टूटने के साथ आपका अंत निश्चित है। जलंधर वृन्दा की बात सुनकर युद्ध के लिए चल दिया। उधर देवताओं की विनती पर भगवान श्रीहरि ने जलंधर का रूप बना कर देवी वृन्दा के साथ छल किया। उधर देवों से युद्ध में जलन्धर मारा गया। जैसे ही देवी वृन्दा को श्रीहरि विष्णु द्वारा छल करने का आभास हुआ। वह क्रोधित होकर श्रीहरि विष्णु को पत्थर का होने का शाप देती है। इतना सुनते ही देवी लक्ष्मी ने भी वृन्दा को शाप दिया कि तुम भी वन की लकड़ी हो जाओ। श्री हरि के पत्थर व वृन्दा के लकड़ी बनते ही पूरे संसार में हाहाकार मच गया। सभी देवताओं ने वृन्दा से क्षमा मांगी व उनसे श्रीहरि को शाप मुक्त करने का अनुरोध किया। तब श्री हरि शालिग्राम स्वरूप में प्रकट होकर देवी वृन्दा को वर देते हैं कि आज से तुम संसार में तुलसी माता के नाम से पूजी जाओगी। तुम्हारे साथ मेरा भी पूजन शालिग्राम के रूप में होगा, जहां तुलसी होगी वहां शालिग्राम का होना आवश्यक होगा। मेरे किसी भी स्वरूप के पूजन में बिना तुलसी दल के कोई भोग मुझे स्वीकार नही होगा।मंचन के दौरान राधारानी को श्रीकृष्ण द्वारा झूला झुलाने के परिदृश्य ने लोगो को भावविभोर कर दिया।सुबह की पाली में परशुराम लक्ष्मण संवाद के मंचन में कलाकरों ने खूब तालियां बटोरी।कार्यक्रम में पहुंचे डॉक्टर ब्रजेश सिंह,राजेश गुप्ता, गोल्डी गुप्ता,अशोक गुप्ता,अशोक गुप्ता, गौरव, छोटाबाबू, गोल्डी गुप्ता,राम गुप्ता, अंशू, चन्दन आदि ने श्रीहरि की आरती उतारी।

# नेशनल हाईवे पर तीन किलोमीटर तक लगा लंबा जाम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक कार को बचाने के प्रयास में दो वाहनों में टक्कर मार दी।इस हादसे में कार में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। घायलों की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के चौधराना गांव के निवासी एक दंपती० के रूप में हुई है।मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे दही थाना क्षेत्र के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक अन्य ट्रक को भी टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। इसके चलते नेशनल हाईवे पर तीन किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के कारण यातायात की व्यवस्था प्रभावित हुई और कई एम्बुलेंस भी इसमें फंस गईं। जो गंभीर रूप से बीमार मरीजों को अस्पताल ले जा रही थीं।हादसे की सूचना मिलते ही दही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष संजीव कुशवाहा अपनी पुलिस टीम के साथ जाम खुलवाने में जुट गए। पुलिस ने कड़ी मेहनत की लेकिन जाम की स्थिति को नियंत्रण में लाने में काफी समय लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैफिक में फंसे एम्बुलेंस के चालक भी परेशान थे। दुर्घटना की वजह से सड़क पर लगा जाम भी लोगों के लिए समस्या बना।इस स्थिति से न केवल यात्री बल्कि स्थानीय निवासियों को भी कठिनाई का सामना करना पड़ा। कई लोग अपनी गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए सर्विस लेन का सहारा लेने लगे। लेकिन जाम की स्थिति ने सभी को प्रभावित किया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों की चोटें गंभीर नहीं हैं लेकिन उन्हें कुछ समय तक निगरानी में रखा जाएगा।

# राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उन्नाव ने जीते 5 स्वर्ण पदक ,7 रजत पदक एवं 4 कांस्य पदक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिले के शुक्लागंज नगर से उन्नाव का प्रतिनिधित्व करते हुए खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु तथा भार वर्ग में हिस्सा लेते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीते लखनऊ के स्टेडियम में दिनांक 17 ,18 एवं 19 अक्टूबर को तीन दिवसीय राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे परिणाम घोषित होने के पश्चात सब जूनियर बालिका वर्ग में भार वर्ग अंडर 35 किलोग्राम यति रजत पदक अंडर 32 किलोग्राम से राशी पांडेय स्वर्ण पदक, अंडर 20 किलोग्राम तृषा वर्मा - स्वर्ण पदक सब जूनियर बालक वर्ग अंडर 21 किलोग्राम मोहम्मद अरीब अंसारी- कास्य पदक कैडेट बालक वर्ग में कुशल पांडे स्वर्ण पदक जूनियर बालक वर्ग में अंडर 45 किलोग्राम पवित्र कनौजिया - कास्य पदक तथा फरयाल ओबैद अंडर 62 किलोग्राम जूनियर बालिका वर्ग में अंडर 46 किलोग्राम सुहानी गौतम कांस्य पदक रिया सुदर्शन अंडर 54 किलोग्राम रजत पदक दुर्गा त्रिवेदी स्वर्ण पदक तथा सीनियर बालिका वर्ग में दिव्या मौर्या ने अंडर 46 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पद हासिल किया। उपरोक्त परिणाम के अनुसार स्वर्ण पदक हासिल करने वाले विजेता आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे जिला उन्नाव ताइक्वांडो के सचिव अतुल मिश्रा सह सचिव सौरभ सिंह ( राष्ट्रीय निर्णायक व कोच ) एवं सोनू कठेरिया, टेक्निकल मैनेजर आकाश मिश्रा तथा टीम कोच वर्षा गौतम तथा दीवा कठेरिया उपस्थित रहे।उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो के महासचिव रजत आदित्य दीक्षित तथा आर के एस सेवा फाउंडेशन के प्रमुख सलाह कार नरेंद्र प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# सफाई कर्मचारी की मौत का मामला एडीओ पंचायत को भेजा गया जिला मुख्यालय

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ब्लॉक में तैनात एक सफाई कर्मचारी की सड़क हादसे में बीते शुक्रवार को मौत हो गई थी शव पोस्टमॉर्टम होने के बाद शव लेकर परिजन ब्लॉक पहुंचे और उन्होंने हंगामा काटा था। आरोप लगाया है कि एडीओ पंचायत उनसे रिश्वत लेते थे और नौकरी से निकलने की धमकी देते थे पैसा देकर वापस लौट रहे थे इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। जिस पर डीपीआरओ ने जांच टीम का गठन किया था और सात दिन में रिपोर्ट मांगी थी। प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद एडीओ पंचायत को हटाकर मुख्यालय सम्बद्ध कर दिया गया। जांच कमेटी रिपोर्ट सौंपेगी।बता दे कि जानकारी देते हुए सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संदीप भारती ने बताया था बीघापुर के मिरमाउ निवासी अनोखे लाल को ड्यूटी के बाद ब्लॉक बुलाया गया था। जहां उनसे नोटिस का जवाब देने के नाम पर पैसे मांगे गए। पैसे देने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। इसके बाद सफाई कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।संदीप भारती ने आरोप लगाया कि बीघापुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत सुशील कुमार पांडे द्वारा सफाई कर्मियों को बार-बार नोटिस भेजे जाते हैं और इसके बदले में पैसे की वसूली की जाती है। उन्होंने कहा, ₹सफाई कर्मी अपनी स्थिति के कारण शिकायत नहीं कर पाते, क्योंकि वे छोटे कर्मचारी होते हैं और उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं मिलता।₹इस मामले पर डीपीआरओ शाश्वत आनंद सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया था। उन्होंने एक जांच कमेटी का गठन किया गया था। जो पूरे मामले की रिपोर्ट सौंपेगी। सोमवार के शाम मामले में प्रारंभिक जांच के अनुसार एडीओ पंचायत सुशील कुमार पांडे को बीघापुर ब्लॉक से हटाकर मुख्यालय सम्बद्ध कर दिया गया। साथ ही जांच कमेटी में लगाए गए दो अफसर मामले की जांच पड़ताल कर रहे हैं और साथ दिवस में रिपोर्ट सौंपेंगे।

# आवारा गौवंश ने युवक पर किया हमला युवक हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के जेर खिड़की इलाके में एक युवक पर आवारा गौवंश ने हमला कर दिया। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसमें मखदूम खान नाम का युवक सड़क पर जा रहा था और अचानक एक गौवंश पीछे से दौड़कर आया और उसे उठाकर पटक दिया।घटना उस समय हुई जब मखदूम खान पैदल अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह जेर खिड़की की सड़क पर पहुंचा, एक आवारा गाय ने उसे अचानक से उठाकर गिरा दिया। इस हमले के बाद मखदूम को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए प्राथमिक उपचार शुरू किया। जांच में पता चला कि युवक की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं और आवारा गायों की बढ़ती संख्या अब एक गंभीर समस्या बन गई है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा गौवंश की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अनहोनी घटनाओं से बचा जा सके।लोगों का कहना है कि जेर खिड़की क्षेत्र में आवारा गायों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो केवल पैदल चलने वालों के लिए नहीं, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी खतरनाक बन गई है। कई बार इन गायों के कारण सड़क दुर्घटनाएं भी हुई हैं।परिजनों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मखदूम मेहनती हैं, और उनकी चोट के कारण अब उनका काम प्रभावित होगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। मखदूम के परिवार ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि कोई और परिवार इस दर्द का सामना न करे। आवारा जानवरों को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

# संस्था ने विद्युत पोलो पर लगवाए विद्युत बल्ब

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के गांव रायपुर में संस्था द्वारा विद्युत पोलो पर एक दर्जन बल्ब लगाए गए।संस्था के कार्य से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। लक्ष्मी फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा क्षेत्र के गांव रायपुर में विद्युत पोलो में एक दर्जन बल्ब लगाए गए है।संस्था के चेयरमैन अनिल कुशवाहा ने संस्था के अन्य लोगो के साथ मिलकर बल्ब लगवाए।अनिल कुशवाहा ने बताया कि हमारी संस्था सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर हिस्सा लेती है।रायपुर गांव में रास्ते में अंधेरा रहता था।जिसपर कोई भी अप्रिय घटना हो सकती थी।जिसको ग्रामीणों की मांग पर एक दर्जन पोल पर बल्ब लगाए गए है।जिससे अंधेरा नहीं रहेगा। इस दौरान अजय ,शिवम ,संतोष ,मोहन ,नंद किशोर ,सुषमेष ,लक्की ,सरवन, आशू आदि लोग मौजूद रहे।

# सर्विस लेन निर्माण में बने अवैध मकानो पर प्रशासन का चला बुल्डोजर

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। नेशनल हाईवे अंडरपास के साइड में निमार्णाधीन सर्विस लेन के निर्माण में बने अवैध मकानो को प्रशासन ने बुल्डोजर से तुड़वाया जिससे लोगों में अफरा तफरी का माहौल बना रहो तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन से उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है नेशनल हाईवे में कस्बा पाटन में धानी खेड़ा रोड की तरफ जाने के लिए अंडरपास बनाया गया है हाईवे के किनारे अंडरपास से हाईवे पर जाने के लिए सर्विस लेन का निर्माण कार्य कई माह से अधूरा पड़ा हुआ है प्रशासन के द्वारा अंडरपास सर्विस लेन की चौड़ाई में बने अवरोध कुछ अवैध मकान व दुकानों को प्रशासन ने कई बार नोटिस जारी किया लेकिन लोगों के द्वारा अवैध कब्जा व निर्माण नहीं हटाया गया नोटिस का समय बीत जाने के बाद प्रशासन मंगलवार को उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह तहसीलदार अरसला नाज नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला पी एन सी विभाग पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन के द्वारा अवैध निर्माण कब्जे को हटवाया जिससे लोगों में अफरा तफरी का माहौल दिनभर व्याप्त रहा।

# व्यापारियों के साथ एसडीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार में उप जिलाधिकारी रनवीर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी । उपजिलाधिकारी ने सभी दुकानदारों से सीसी टी वी कैमरा लगवाने हेतु आग्रह किया जिससे आवांछनीय घटनाओं पर रोक लगाई जा सके साथ ही दुकानदारो का सामान सुरक्षित रह सके। दुकान में जो भी वर्कर रखा जाय उसका पूरा विवरण के साथ गतिविधियों पर नजर रखना भी जरूरी है।व्यापारियों को कोई परेशान करता है या फिर उसके साथ कोई गुंडागर्दी करता है तो तुरंत मुझे या थाना प्रभारी को सूचना दें जिससे उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाई जाए। एसडीएम ने दुकानदारों से कहा कि अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण न होने दे । अपनी भी बाइक की दुकान के सामने न खड़ी कर सुरक्षित स्थान पर खड़ी करें। जिससे लोगों को बाजार में आने-जाने में परेशानी न हो ।थाना प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई समस्या है तो तुरंत मुझे जानकारी दें पुलिस फोर्स आपके पास फोन मिलते ही पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि बैंक आने जाने में सतर्कता बरतें । पुलिस की जरूरत हो तो वह आपके साथ जाएगी ।बैठक में मौजूद व्यापारियों में अमित कुमार, दीपू दीक्षित, अशोक कुमार, बाबू शंकर, जगत नारायण त्रिवेदी, राहुल सिंह, उप निरीक्षक कृष्णेंद्र सिंह , अब्दुल रहीम, आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। पाटन कस्बे के सुप्रशिद्ध बाबा ब्रह्मदेव मंदिर में बाबा ब्रह्मदेव कल्याण समिति की तरफ से आयोजित अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में सोमवार को देश के जाने माने वाणी पुत्रो द्वारा काव्यपाठ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटन निवासी गंगा विष्णु चौधरी द्वारा किया गया जबकि संचालन बाराबंकी से पधारे ओज के सुप्रशिद्ध वाणी पुत्र राम किशोर तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान पहुँचे भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला को भी कमेटी द्वारा माला व चित्र देकर सम्मानित किया गया। काव्यपाठ की शुरूवात सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुई। माँ सरस्वती के चरणों पर अर्पित करते हुए हैदरगढ़ से पधारे मशहूर गीतकार शिव किशोर खंजन ने सुनाया- मधुरिम मधुरिम वीणा झनके,झूमे तन मन के तार,तार माँ हंसवाहिनी आ जाओ। जैसे शब्दों से सराहना लूटी। अगली पंक्तियों में खंजन ने जैसे ही सुनाया - मिले यदि प्रेम का प्याला जहर भी जाम होता है ,हृदय जो प्रेम में डूबा वह प्रभु का धाम होता है, है जिनका कार्य उत्तम और उत्तम है घराना भी, वही दशरथ का बेटा बन पैदा राम होता है। पूरा पंडाल जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। प्रतापगढ़ से आई हुई मशहूर गीतकार प्रीति पांडेय ने अपने गीत सुना समा बांध दिया उन्होंने सुनाया-आपको माना है जबसे देवता, मंदिरों में आप ही दिखने लगे। रायबरेली से आये हुए हास्य कवि मधुप श्रीवास्तव 'नर कंकाल' की पंक्तिया -महबूबा की बाहों में बहुत जोश आया ,बीबी ने देख लिया अस्तपताल में होश आया। ने श्रोताओं को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। देवीगंज बाराबंकी से पधारे ओज के कवि दुष्यंत सिंहनादी ने देशभक्ति पर सुनाया- बुजदिल है वो मानव जिसमे देश प्रेम का ज्वार नही,वो कायर है जिसको अपनी मातृभूमि से प्यार नही है -ये पंक्तियां सुन श्रोता जोश से भर गए। संचालन कर रहे राम किशोर तिवारी की पंक्तियां भी खूब सराही गयी। उन्होंने सुनाया- राम की छवि हृदय में उतारा करू। रूप सुंदर सलोना निहारा करू।।कामना बस यही है जनम दर जनम।मैं सियाराम के पग पखारा करू।। अन्य वाणी पुत्रो में लखीमपुर के गीतकार नवल सुधांशू,प्रयागराज से पधारे हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी,लखनऊ की गीतकार शशि श्रेया,रामनगर के हास्य कवि विकास बौखल,उन्नाव के अनुभव अज्ञानी की रचनाएं भी खूब सराही गयी। कार्यक्रम के दौरान कमेटी अध्यक्ष अमित चौधरी,अरविंद पटेल,पाटन प्रधान कुलदीप चौधरी,महेश तिवारी,संतोष शुक्ला,हेमंत चौधरी, विमल श्रीवास्तव, एडवोकेट सुरेश पटेल,आयुष अवस्थी,सहित सैकड़ों श्रोता उपस्थित रहे।

# दीपावली पर्व को देखते बच्चो को आग से बचाव का दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस महानिदेशक अग्निशमन आपात सेवा लखनऊ के निर्देश पर दीपावाली के मद्देनजर उन्नाव के स्कूलों में बच्चों को फायर सेफ्टी ड्रिल कराई गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक की दीपक भूकर की देखरेख में मुख्य अग्निशम अधिकारी अनूप सिंह ने बच्चों को आग से बचाव का प्रशिक्षण दिया।अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव ने सदर उन्नाव के वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल, अकरमपुर और सर सैयद पब्लिक स्कूल में ड्रिल कराई। उन्होंने कहा कि दीपावली पर पटाखों का इस्तेमाल बढ़ जाता है, जिससे आग लगने का खतरा भी बढ़ता है। बच्चों को इसके बारे में सही जानकारी होना जरूरी है।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पटाखों के सुरक्षित उपयोग के तरीके और आग से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। शिवराम यादव ने बताया कि त्योहारों के दौरान पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि होती है, इसलिए बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करना अति आवश्यक है।कार्यक्रम की शुरूआत में शिवराम यादव ने बच्चों को पटाखों के खतरों और सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटाखों को हमेशा सुरक्षित दूरी पर जलाना चाहिए और भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दूर रहना चाहिए। इसके अलावा, पटाखों का उपयोग करने से पहले हमेशा वयस्कों की अनुमति लेना जरूरी हैं। कार्यक्रम में अग्निशामक उपकरणों का भी प्रदर्शन किया गया। शिवराम यादव ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों जैसे फायर एक्सटिंग्विशर और पानी की बाल्टी का उपयोग कैसे करें, इसके बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि आग लगने की स्थिति में इन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करके जान और संपत्ति की रक्षा कैसे की जा सकती है।

# घर लौट रही महिला को कार ने मारी टक्कर, मौत

- बेटे से मिलने गई थी दुकान, बिजली लाइन के पास हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में दुकान पर बेटे से मिलने के बाद घर लौट रही मां को कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग महिला को सीएचसी लाया गया। वहां से उनको राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि बुजुर्ग महिला अक्सर अपने बेटे की दुकान पर मिलने जाया करती थीं।

शाम भी वह मिलने गई थीं। वापस लौटते समय हादसा हो गया। थाना पुवायां क्षेत्र के एक देवस्थान मोहल्ले में रहने वाली 75 साल की राजवती के बेटे पूरनलाल की पान की दुकान कुछ दूर पर रोड किनारे हैं। अक्सर राजवति मकान के बाहर टहलने के लिए निकलती और बेटे से मिलने उसकी दुकान पर चली जाती थीं। सोमवार की शाम राजवति अपने बेटे की दुकान पर गई थीं। कुछ देर बेटे से बातचीत करके वापस लौट रही थीं। बिजली लाइन के पास कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राजवति गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की सूचन पर पुलिस ने पहुंचकर घायल महिला को सीएचसी पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उनको राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां दो घंटे इलाज करने के बाद महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस जांच पड़ताल कर ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि कार की टक्कर से एक महिला की मौत हुई है। जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# भारत से संबंध बिगाड़ना कनाडा को ही पड़ेगा भारी

पहले से ही खराब चल रहे भारत और कनाडा के संबंध और तल्ख हो गए हैं, जब कनाडा की ओर से अनर्गल बयानबाजी शुरू हुई, जिसमें भारत पर कई नए आरोप मढ़े गए। बात इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने छह-छह राजनयिक एक-दूसरे के निकाल दिए। कनिष्क विमान अपहरण की घटना के बाद से कनाडा व भारत के रिश्ते अभी सबसे बुरे दौर में हैं। अतीत में दोनों मुल्कों के मधुर संबंध रहे हैं, लेकिन कनाडा की राजनीति में भारतीयों के प्रबल होते जाने के साथ ही दोनों देशों के संबंध में खटास बढ़ने लगी है। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने अपने भारतीय मतदाताओं को खुश रखने के लिए निज्जर मामले में भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाए, जिससे दोनों मुल्क के मधुर संबंध बिगड़े। सोमवार को राजनयिक निकाले जाने की घटना के अगले दिन मंगलवार को भारत ने कनाडा द्वारा अपने देश में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के आरोपों को खारिज कर दिया। कनाडा ने दावा किया कि उसने भारत से निज्जर हत्याकांड मामले के सबूत साझा किए, भारत ने कहा कि सबूत नहीं दिए। जस्टिन ट्रूडो ने ताजा आरोप लगाया है कि भारत उनके देश में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाकर गुप्त अभियान चलाने सहित विभिन्न गतिविधियों में शामिल है, भारत सरकार ने इसे भी खारिज कर दिया है। दरअसल, भारत और कनाडा के संबंध उस समय और खराब हो गए जब भारत ने सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से राजदूत को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने की घोषणा की। सही मायने में बिगड़ते संबंध का कनाडा पर अधिक असर पड़ेगा। मुख्य रूप से छात्रों के आव्रजन, आपसी व्यापार संबंधों और कनाडा की इंडो-पैसिफिक रणनीति पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अभी दो दिन पहले खबर आई कि कनाडाई पीएम को अपने ही सांसदों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें उनकी कुर्सी खतरे में पड़ सकती है। उसके बाद से ट्रूडो भारत पर आरोपों की झड़ी लेकर सामने आए हैं। उनके तमाम पैतरे बेकार साबित हो रहे हैं, उल्टे वे कनाडा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संबंध खराब होने से भारतीय छात्रों की संख्या कनाडा में कम होगी, तो इससे राजस्व में कमी आएगी। स्किल जॉब सेक्टर में भी भारतीय छात्रों की कमी का बुरा असर पड़ेगा। सांस्कृतिक आदान प्रदान, जनसांख्यिकीय चुनौतियों का समाधान व अनुसंधान सहयोग में भी कमी आएगी। प्रस्तावित कनाडा-भारत व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर भी असर पड़ सकता है। तनाव के चलते अभी वार्ता रोक दी गई हैं। भारत ने कनाडा से दालों का आयात कम कर दिया है। आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) के अनुसार, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था कनाडा को बेहतर व्यापार अवसर देता है, पर अब कनाडा वंचित होगा। अमेरिका ने भारत को इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) में इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ गठित आई2यू2 ब्लॉक के संस्थापक सदस्य के रूप में शामिल किया। कनाडा को क्वाड, इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) और आई2यू2 ब्लॉक में शामिल होने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। भारत के साथ कनाडा के तनावपूर्ण संबंध प्रमुख इंडो-पैसिफिक संस्थानों में शामिल होने की उसकी क्षमता को बाधित कर रहे हैं। कनाडा भारत में वांछित आतंकियों को पनाह देकर अपना सहित विश्व का नुकसान ही करेगा। दोनों देशों को संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

## मुद्दा

डॉ. अशोक कुमार वर्मा



# युवा पीढ़ी में बढ़ती जा रही धूम्रपान की प्रवृत्ति

आधुनिकता के युग में मनुष्य भौतिकतावाद में उलझकर रह गया है। दूसरी ओर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनके पास करने को कोई काम नहीं है अथवा यह कह लें कि वे कुछ करना ही नहीं चाहते। कुछ लोग तनाव दूर करने के लिए, कुछ आनंद के लिए और कुछ मौज-मस्ती के लिए नशे का सेवन करते हैं। यहां पर यह चर्चा करना आवश्यक है कि धूम्रपान की प्रवृत्ति आज युवाओं में बढ़ती जा रही है। यहां तक कि महिलाओं द्वारा भी धूम्रपान करना सामान्य बात हो गई है। सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर प्रतिबंध होने के बाद भी लोग इस नियम की अवहेलना कर रहे हैं। भारत में गणतंत्र के 54वें वर्ष में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम, 2003 सम्पूर्ण भारत पर लागू किया गया। इस अधिनियम के अनुसार धारा 4 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान नहीं करेगा परन्तु किसी ऐसे होटल में जिसमें 30 कमरे हों अथवा जहां 30 से अधिक व्यक्तियों के बैठने की क्षमता हो तो वहां धूम्रपान की अलग से व्यवस्था की जाएगी।

इसी कड़ी में धारा 5 के अंतर्गत सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर प्रतिबन्ध लगाया गया है। धारा 6 के अनुसार किसी भी 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को सिगरेट और तम्बाकू आदि नहीं दिया जाएगा और न ही किसी शिक्षण संस्थान की 100 मीटर की परिधि में इन उत्पादों का विक्रय होगा। धारा 7 के अनुसार सिगरेट और तंबाकू पर चेतावनी का लेबल आवश्यक है और यह भी सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए। इस अधिनियम के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक या उससे ऊपर का अधिकारी ऐसे स्थान में प्रवेश कर सकता है और तलाशी ले सकता है जहां यह विक्रय करना प्रतिबंधित है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियमावली, 2008 लागू की गई है जो 2 अक्टूबर 2008 से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने से रोकती है। यह नियमावली स्पष्ट रूप से धारा 3 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान के मालिक, प्रबंधक को बाध्य करती है कि कोई भी व्यक्ति उसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान न करे। सार्वजनिक स्थान के प्रवेश द्वार पर यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वारा हैं तो प्रत्येक प्रवेश द्वार और उनके अंदर न्यूनतम 60 सेंटीमीटर x 30 सेंटीमीटर आकार का सफ़ेद पृष्टभूमि का बोर्ड लगाएगा जिस पर 'गैर-धूम्रपान क्षेत्र' व 'धूम्रपान अपराध है' लिखा होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष तंबाकू के कारण 80 लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इतना ही नहीं, 13 लाख ऐसे लोग हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते लेकिन उनके पास रहते हैं जो सेवन कर रहे होते हैं। यदि हम भारत की बात करते हैं तो देश में प्रतिवर्ष लगभग 17 लाख लोग तंबाकू के कारण अपने प्राण गंवाते हैं। एक लेख के अनुसार प्रतिदिन तम्बाकू के कारण भारत में 3699 मृत्यु हो रही हैं तो दूसरी और प्रत्येक 4 सेकंड में एक बालक की मृत्यु केवल ऐसे लोगों के संपर्क में होने के कारण होती है जो उनके पास रहकर धूम्रपान करते हैं। अब प्रश्न उठता है कि भारत में एक ओर तम्बाकू रोजगार प्रदान करता है तो दूसरी ओर मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए क्षतिकारक है। तम्बाकू के सेवन से हाई ब्लड प्रेशर, लकवा, श्वास रोग, दमा, कैंसर जैसी भयानक व्याधियां हो रही हैं। लोगों ने इसे आजीविका का साधन बना लिया है। चिंता का विषय यह है कि आज 100/200 मीटर पर कोई खाद्य सामग्री मिले या न मिले तम्बाकू उत्पाद अवश्य दिखाई दे जाते हैं। रंग-बिरंगे पाउच में विभिन्न प्रकार के पान मसाले और तम्बाकू लटके मिलते हैं। यदि हम चाहते हैं कि हमारी आने वाली संतान नशों से दूर रहे तो तम्बाकू उत्पाद पर भी पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना होगा। जो लोग इसके आदि हो चुके हैं उन लोगों को इसे छोड़ने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। यदि नशा कोई भी अच्छा होता तो सबसे पहले हमारे माता-पिता हमें सेवन के लिए दे देते।



विश्व खाद्य दिवस

रविशंकर

# भूख और कुपोषण से जूझती दुनिया

सवाल ये है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। परंतु कुपोषण व भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। कुपोषण आज देश के लिए राष्ट्रीय शर्म है। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है। जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं अपितु कई देशों में खाने की भारी किल्लत है।

विज्ञान और तकनीक एक तरफ देश में क्रांति ला रही है तो दूसरी तरफ हम मानव के जीवन की प्राथमिक जरूरत, भूख को पूरा नहीं कर पाए हैं। ये अपार प्रगति सबके लिए भोजन का प्रबन्ध नहीं कर पाई है। वहीं सामाजिक और आर्थिक विकास के पैमाने पर देखें तो भारत की एक विरोधाभासी तस्वीर उभरती है। एक तरफ तो हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े खाद्यान्न उत्पादक देश हैं तो दूसरी तरफ भूख और कुपोषण के तमाम आंकड़े सोचने के लिए मजबूर करते हैं। विकास के तमाम दावों के बावजूद भारत अभी भी गरीबी और भुखमरी जैसी बुनियादी समस्याओं की चपेट से पूरी तरह बाहर नहीं निकल सका है। सवाल ये है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी देश को भूख और कुपोषण जैसी समस्या से मुक्ति क्यों नहीं मिल पाई है? जबकि आजादी के बाद से भारत में खाद्यान्न के उत्पादन में लगातार वृद्धि देखी गई है। परंतु कुपोषण व भुखमरी का मसला अभी भी चुनौती बना हुआ है। बिहार और उत्तर प्रदेश इनमें सबसे आगे हैं। कुपोषण आज देश के लिए राष्ट्रीय शर्म है। भारत में कुपोषण की समस्या कुछ इलाकों में बहुत ज्यादा है। वास्तव में कुपोषण बहुत सारे सामाजिक-राजनीतिक कारणों का परिणाम है।

जब भूख और गरीबी राजनीतिक एजेंडा की प्राथमिकता में नहीं होती तो बड़ी तादाद में कुपोषण सतह पर उभरता है। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। अपितु विश्व के कई देशों में खाने की भारी किल्लत है। खाद्यान्नों की कमी और बढ़ती जनसंख्या ने विश्व में ऐसी विकट स्थितिपैदा की है जहां करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए अपना खून-पसीना एक करने को बेबस हैं। यही वजह है कि दुनियाभर में भोजन की कमी और भूख से हर साल करोड़ों जानें काल के गाल में समा जाती हैं। अहम सवाल है ये है कि क्या सिर्फ कृषि उत्पाद बढ़ाकर और खाद्यान्न को बढ़ा कर हम भूख से अपनी लड़ाई को सही दिशा दे सकते हैं। चाहे विश्व के किसी कोने में इस सवाल का जवाब हां हो, पर भारत में इस सवाल का जवाब ना है और इस ना की वजह है खाद्यान्नों को रखने के लिए जगह की कमी। यूं तो भारत विश्व में खाद्यान्न उत्पादन में चीन के बाद दूसरे स्थान पर पिछले दशकों से बना हुआ है। लेकिन ये भी सच है कि यहां प्रतिवर्ष करोड़ों टन अनाज बर्बाद भी होता है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल लगभग 58,000 करोड़ रुपये का खाद्यान्न भंडारण आदि तकनीकी के अभाव में नष्ट हो जाता है। भूखी जनसंख्या इन खाद्यान्नों पर ताक लगाए बैठी रह जाती है। इतना ही नहीं, भारत में लाखों टन अनाज हर साल खुले में सड़ जाते हैं। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब करोड़ों लोग भूखे पेट सो रहे हैं और पांच साल से छोटे बच्चों की एक बड़ी आबादी कुपोषण की शिकार है। ऐसा नहीं है कि भारत में खाद्य भंडारण के लिए कोई कानून नहीं है। लेकिन इसके बावजूद आज भी लाखों टन अनाज बर्बाद होता है। तमाम लोग दो वक्त की रोटी जुटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

इसी जद्दोजहद में गरीब दम तक तोड़ देते हैं। ऐसा भी नहीं है कि सरकार ने भूख से लड़ने के लिए कारगर उपाय नहीं किए हैं। सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय बागवानी



मिशन, नरेगा, मिड डे भोजन, काम के बदले अनाज, सार्वजानिक वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा नेट, अंत्योदय अन्न योजना आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि सभी देशवासियों की भूख मिटाने के लिए ही नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीवनयापन के लिए रोजगार परक आय व पोषणयुक्त भोजन मिल सके। लेकिन कागजों पर बनने वाली ये योजनाएं जमीन पर कितनी अमल की जाती हैं इसका अंदाजा आप भारत में भूख से मरने वाले लोगों की संख्या से लगा सकते हैं। सम्पूर्ण विश्व में बेहद तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद भी आज भी भारत में गरीबी और कुपोषण एक समस्या बनी हुई है। हमारा सिस्टम अभी तक इस गंभीर समस्या का समाधान करने में नाकाम रहा है। यही वजह है कि देश की एक तिहाई से ज्यादा बच्चे अभी भी कुपोषण का शिकार हैं। देश में कुपोषण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाओं में एनीमिया की शिकायत आम है और बच्चे कुपोषित पैदा हो रहे हैं। इस कारण पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की लंबाई सामान्य से कम और वजन लंबाई के मुताबिक नहीं है। उम्र की तुलना में कम लंबाई वाले बच्चों की संख्या के मामले में बिहार 43 फीसदी हिस्सेदारी के साथ मेघालय के बाद देश में दूसरे नंबर पर है। हालांकि, शिशु मृत्यु दर के मामले देश के अधिकतर राज्यों में कम हुए हैं। इसकी वजह टीकाकरण बताई गई है, लेकिन भूख और कुपोषण की स्थिति अभी चिंतनीय स्तर पर है। इसका साफ मतलब यह है कि तमाम योजनाओं के ऐलान और बहुत सारे वादों के बावजूद अगर देश में भूख व कुपोषण के शिकार लोगों की संख्या कम नहीं कर पाए हैं। योजनाओं को लागू करने में कहीं न कहीं भारी गड़बड़ियां और अनियमितताएं हैं। सवाल है, भारत में इस भुखमरी का कारण क्या है, क्या संसाधनों की कमी है? नहीं ऐसी स्थिति कम से कम भारत में नहीं है। भारत में न तो प्राकृतिक संसाधनों की कमी है और न ही वित्तीय संसाधनों की। कमी है तो केवल प्राथमिकता की।

खैर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार कुपोषण, अल्पपोषण, कम वजन जन्म और रक्ताल्पता से मुद्दे पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। सरकार ने राष्ट्रीय पोषण मिशन का नाम बदलकर 'पोषण अभियान' कर दिया है। लेकिन भारत में कुपोषण की इतनी बड़ी समस्या है कि इससे निपटना आसान नहीं है। साफ है, अपेक्षाकृत तेजी से आर्थिक विकास के बावजूद भारत कुपोषण की समस्या को दूर करने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। इससे स्पष्ट है कि पोषण की स्थिति में सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में संरचनात्मक बदलाव किए जाने की आवश्यकता है। ऐसा करके ही कुपोषण मुक्त भारत एवं 2030 तक गरीबी को समाप्त करने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा। इसके लिए कुपोषित परिवारों की पहचान कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। इसके लिए भारत में पोषण के कार्यक्रमों को एक जन आंदोलन में बदलना होगा, जिसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए स्थानीय निकायों, सामाजिक संगठनों, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों की व्यापक स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। केंद्र एवं राज्यों के महिला एवं बाल कल्याण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, शिक्षा, खाद्य एवं अन्य विभागों के बीच आपसी समन्वय के साथ कुपोषण संबंधी कार्यक्रमों को एक साथ सामूहिक रूप से लागू करने पर ही कुपोषण रूपी दुश्मन को जड़ से मिटाया जा सकता है। समय-समय पर कुपोषण संबंधी डाटा का मूल्यांकन, उसे कम करने के प्रयासों की समीक्षा के साथ ही जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित

दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी की बुद्धि।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित

प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ओजोन सुरक्षित तो हम सुरक्षित

ओजोन के संरक्षण के लिए ही 19 दिसंबर 1964 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतरराष्ट्रीय ओजन दिवस मनाने की घोषणा की थी। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया के लगभग 45 देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर 16 सितंबर 1987 को हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद पहली बार 1995 को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया और इसके बाद से हर साल यह दिन मनाया जाता है। कुदरत का अनमोल तोहफा स्वर्ग जैसी धरती और धरती के संरक्षण के लिए कुदरत ने बहुत कुछ हमें दिया है। इसी तोहफे में से एक है ओजोन परत। ओजोन परत का संरक्षण उसी तरह जरूरी है, जिस तरह हम बीमारियों से बचने के लिए अपने स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं।

*– योगेश पाठक, दुर्ग*

## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी की दुनिया

भारत ने प्रौद्योगिकी की दुनिया को समावेशी बनाया है। इसने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का लाभ उठाया है। इसे भारत के सभी क्षेत्रों में देखा जा सकता है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### निर्वाचन आयोग का स्वागत

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र व झारखण्ड राज्य विधानसभा आमचुनाव के लिए तारीखों की घोषणा का स्वागत। चुनाव जितना कम समय में तथा जितना पाक-साफ अर्थात धनबल व बाहुबल आदि के अभिशाप से मुक्त हो, उतना ही बेहतर।

- मायावती, बसपा प्रमुख



### इसरो प्रमुख का सम्मान

इसरो प्रमुख डॉ. एस. सोमनाथ को प्रतिष्ठित आईएएफ विश्व अंतरिक्ष पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने भारत के 'चंद्रयान3' अंतरिक्ष अन्वेषण का नेतृत्व कर हमें सफल चंद्र लैंडिंग में सक्षम देशों के एक विशिष्ट समूह की श्रेणी में ला खड़ा किया।

-किरण मज़ूमदार-शॉ, उद्यमी



### बॉलीवुड में 25 साल पूरे

बॉलीवुड में 25 साल पूरे होने के लिए बहुत आभारी हूं। एक ऐसे क्षेत्र में काम करना जो नौकरी नहीं बल्कि वरदान जैसा लगता है। इस यात्रा में आपके प्यार के लिए धन्यवाद।

-आफताब शिवदासानी, अभिनेता



## करंट अफेयर

### तालिबानी मीडिया प्राणियों की तस्वीरें नहीं दिखा रहा

तालिबान द्वारा संचालित मीडिया ने नैतिकता कानूनों का पालन करने के लिए अफगानिस्तान के कुछ प्रांतों में प्राणियों की तस्वीरें दिखाना बंद कर दिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। देश के धर्माचरण मंत्रालय ने अगस्त में सार्वजनिक परिवहन, दाढ़ी बनाना, मीडिया और समारोहों जैसे रोजमर्रा के जीवन के पहलुओं को नियंत्रित करने वाले कानूनों को प्रकाशित किया था जो इस्लामी कानून या शरिया की अधिकारियों की व्याख्या को प्रतिबिंबित करते हैं। अनुच्छेद 17 के तहत प्राणियों की तस्वीरों के प्रकाशन पर प्रतिबंध है, जिससे अफगान मीडिया और प्रेस की स्वतंत्रता पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं।



## ऑफ बीट

### सर्दी और फ्लू के मौसम के लिए बरते सावधानी

जैसे-जैसे शरद ऋतु और फिर शीत ऋतु के महीने आ रहे हैं, कनाडाई लोगों से आगामी मौसम के दौरान फ्लू के प्रति सावधानी बरतने का आग्रह किया जा रहा है। कनाडा में फ्लू का मौसम आमतौर पर दिसंबर और फरवरी के बीच चरम पर होता है, लेकिन वायरस इससे भी पहले फैल सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकारी शीघ्र टीकाकरण की वकालत कर रहे हैं तथा इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वार्षिक फ्लू टीका संक्रमण से बचाव तथा बीमारी की गंभीरता को कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। कनाडा भर में स्वास्थ्य केंद्र फ्लू का टीकाकरण निशुल्क करते हैं। इन्फ्लूएंजा इन्फ्लूएंजा को आम तौर पर फ्लू के नाम से जाना जाता है।



संक्षेप

## 26 अक्टूबर को तेजवापुर में आयोजित होगा जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ग्रामीण क्षेत्रों में बढती बेरोजगारी के समाधान तथा ग्रामीण अंचलों के शिक्षित युवक युवतियों एवं परम्परागत कारीगरों के शहरों की ओर पलायन को रोकने हेतु गांव में ही अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड तेजवापुर में 26 अक्टूबर 2024 को उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, बहराइच द्वारा जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक शिक्षित बेरोजगार व परम्परागत कारीगर विभागीय वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन अथवा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, बहराइच के माध्यम से आफलाइन आवेदन/रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए मो.न. 9580503159 एवं 9958401768 पर भी सम्पर्क किया जा सकता हैं।

## तेज रफ्तार डीसीएम ने तीन को रौंदा

अमन लेखनी समाचार

अमरोहा, अमरोहा के डिडौली थाना इलाके में नेशनल हाईवे 9 पर सुबह ग्यारह बजे एक यह रफ्तार डीसीएम ने सड़क किनारे खड़े तीन युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो युवक घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया है। जहां उनकी हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने हादसा करने वाली डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद से चालक फरार है। दरअसल यह हादसा डिडौली थाना इलाके में नेशनल हाईवे 9 पर गांव चौधरपुर के पास रविवार सुबह ग्यारह बजे हुआ। थाना इलाके के गांव सलेमपुर नवादा के रहने वाले तीन युवक शानेआलम पुत्र आले नबी, महफूज पुत्र दिलशाद और वसीम पुत्र मोमीन गांव चौधरपुर में अहसन हॉस्पिटल के पास खड़े थे। तीनों चौधरपुर स्थित एक फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। लेकिन उससे पहले दिल्ली हाईवे पर तीनों सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बात कर रहे थे। उसी दौरान मुरादाबाद दिशा से आई एक तेज रफ्तार डीसीएम ने तीनों को रौंद दिया। इस हादसे में 30 वर्षीय शानेआलम की मौके पर मौत हो गई। जबकि महफूज और वसीम को नजदीकी अस्पताल से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। जहां दोनों युवकों की हालत अभी नाजुक बनी हुई है। मामले में जानकारी देते हुए डिडौली इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो घायल हुए है। जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा करने वाले डीसीएम को कब्जे में ले लिया है।

# उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने एसएसबी कमांडेंट को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र माननीय कमलेश श्रीवास्तव चेयरमैन उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति लखनऊ के दिशा निर्देश पर और उनके कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति जनपद बहराइच की टीम के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन पत्रकार एवं केशव कुमार मौर्य जिला सचिव/जेल विजिटर द्वारा सशस्त्र सीमा बल 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत भारत नेपाल बॉर्डर पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए 42 सी वाहिनी कुछ समय-समय पर उत्साह वर्धन करने के लिए कैंप में पहुंचकर दिशा निर्देश देते रहते हैं। जिससे अपराधियों को पकड़ने में एसएसबी के इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार द्वारा टीम को काफी सतर्क रखते हैं। हर आने जाने वाले पर उनकी निगाह रहती है, जिससे अपराधियों को नशे का कारोबार करने वाले मादक पदार्थ भारी संख्या में पकड़े जाते हैं। उनके सराहनी कार्य को देखते हुए उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने उनके कार्यालय पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन, उपाध्यक्ष नगर पंचायत रूपईडीहा इरशाद हुसैन, संगठन मंत्री नगर पंचायत रूपईडीहा विष्णु गुप्ता उपस्थित रहे।

# छात्रों की कम उपस्थिति पर बिफरे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट



बच्चों की लर्निंग व्यवस्था में जल्द करे सुधार: आलोक प्रसाद आईएएस

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। आलोक प्रसाद आईएएस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कैसरगंज ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय कोनारी बंगला विकासखंड कैसरगंज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की कम उपस्थिति एवं लर्निंग व्यवस्था ठीक ना होने की वजह से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद ने अध्यापकों को सख्त फटकार लगाई साथ ही साथ तय समय के अनुसार बच्चों की लर्निंग व्यवस्था को सुचार रूप से सुधारने हेतु दिशा निर्देश दिए एवं बच्चों की कम उपस्थिति पर भी गहरी नाराजगी जताई। बच्चों की उपस्थित जल्द से जल्द बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश दिए एवं साफ सफाई हेतु खंड विकास अधिकारी कैसरगंज को निर्देशित किया। आलोक प्रसाद ने अपने सख़्त लहजे में कहा कि तहसील कैसरगंज के अंतर्गत जितने भी विद्यालय हैं उन सब विद्यालय में पाठन व्यवस्था सुचारू रूप से अध्यापक सुधार लाएं, नहीं तो ऐसे लापरवाह अध्यापकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक नानपारा ने जूस पिलाकर समाप्त कराया धरना



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। भूमि विवाद के सम्बन्ध में तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम मैना नेवरिया की श्रीमती शान्तीदेवी पत्नी मोतीलाल परिवार सहित धरना स्थल पर धरना दे रहीं थीं। घटना का संज्ञान होने पर विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के साथ धरना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिया। विधायक श्री वर्मा के आश्वासन पर पीड़ित परिवार के धरना समाप्त करने पर विधायक श्री वर्मा, एडीएम व नगर मजिस्ट्रेट ने धरने पर बैठे परिवार को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया। इस अवसर पर धनगर समाज के जिलाध्यक्ष योगी दीपनरायन धनगर, महासचिव लल्लू प्रसाद धनगर, ब्लॉक सेक्टर प्रभारी शिवपुर प्रकाश नरायण तिवारी व सेक्टर संयोजक उमेश पाल मौजूद रहे।

# लॉर्ड बुद्धा पीजी कालेज रुपईडीहा में आयोजित होगा वृहद रोजगार मेला

28 अक्टूबर को नवयुवकों को मिलेगा रोजगार




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में रूपईडीहा स्थित लॉर्ड बुद्धा पी जी कालेज में 28 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ-साथ निजी क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर स्थानीय स्तर पर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित अभ्यर्थी के साथ साथ अन्य अभ्यर्थी भी वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनका एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 28 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे लॉर्ड बुद्धा पी जी कालेज, रूपईडीहा में उपस्थित होना होगा।

# एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषि सूचना तंत्र के सुद्दढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत रबी 2024-25 में एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला गोष्ठी का आयोजन विकासखण्ड चित्तौरा के राजकीय कृषि बीज भण्डार डीहा चित्तौरा पर किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी कैसरगंज शिशिर कुमार वर्मा, सदर के उदय शंकर सिंह, नानपारा के सुधीर कुमार, खण्ड विकास अधिकारी चित्तौरा, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार श्री मनोज कुमार एवं विकासखण्ड चित्तौरा के प्रगतिशील कृषकगण उपस्थित रहें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि द्वारा मूसर बीज के 500 बीज मिनीफिट का वितरण किया गया। उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर बहराइच द्वारा सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं की जानकारी देते हुए श्री अन्न की खेती किये जाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया। विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल जी द्वारा कृषकों को प्रदेश एवं केन्द्र की सरकार द्वारा कृषकों के हित में चलाई जा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा किसानो नें पराली न जलाने की अपील भी की गई।

# जिला उद्योग बन्धु की बैठक 25 अक्टूबर को

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 25 अक्टूबर 2024 को अपरान्ह 04:00 बजे से विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

# मार्केट गया था परिवार, 15 लाख के जेवर - नगदी पार

- अमरोहा में चोरों ने बंद घर पर हाथ साफ किया, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में एक फैक्ट्री कर्मचारी के घर पर शनिवार देर शाम चोरों ने धावा बोल दिया। परिवार मार्केट गया हुआ था, इसी दौरान चोरों ने बंद घर से लगभग 15 लाख के जेवर और 30 हजार रुपए की नकदी पार कर दी। पीड़ित परिवार की ओर से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। घटना गजरौला कोतवाली इलाके के मौहल्ला बुध बाजार की है। पीड़ित राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार को वे रोजमर्रा की तरह ड्यूटी पर गए हुए थे। पत्नी निशा और बेटी इशिका शाम में मेडिकल स्टोर पर दवा लेने गई थीं। जब शाम 6:00 बजे वापस लौटीं, तो घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला। अंदर गए तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर राजेश कुमार भी घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके घर से करीब 15 लाख के जेवर और 30 हजार रुपए नकद चुराए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर कर रही है।

# अमरोहा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

- रेल मंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन, रेलयात्री समिति ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं और एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर दैनिक रेलयात्री समिति ने धरना प्रदर्शन किया। समिति के सदस्यों ने इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने के लिए स्टेशन परिसर में जोरदार नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन केंद्रीय रेल मंत्री के नाम स्टेशन अधीक्षक को सौंपा। समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बताया कि अमरोहा रेलवे स्टेशन पर फैजाबाद और रानीखेत एक्सप्रेस ट्रेनों को रोकने की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि यहां से रोजाना व्यापार और अन्य कार्यों के लिए दिल्ली और लखनऊ जाने वाले यात्रियों की संख्या काफी है, ऐसे में ठहराव न होने से यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। धरना प्रदर्शन में समिति ने अन्य कई मांगें भी उठाईं। इनमें पूर्णागिरि जनशताब्दी एक्सप्रेस में साधारण टिकट और मास ट्रैवल सिस्टम (एमएसटी) लागू करने की मांग शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने आला हजरत एक्सप्रेस में बरेली से दिल्ली और दिल्ली से बरेली के लिए अतिरिक्त शुल्क देकर टिकट लेकर स्लीपर कोच में बैठने की व्यवस्था को फिर से चालू करने की भी अपील की, जो कि कोरोना काल से बंद है।

समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन तब तक चलेगा जब तक रेलवे प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करता।

# संजय गांधी अस्पताल के सहयोग से लगा ब्लड डोनेशन कैंप

## 25 लोगों ने किया रक्तदान, 40 ने कराया पंजीकरण, 5 छात्राएं भी सम्मानित

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, अमेठी के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सोसायटी फॉर एनिमल हेल्थ और एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी की ओर से यह शिविर शिव दुलारी सिंह महिला डिग्री कॉलेज, गुंगवाछ गांव के ऑडिटोरियम में लगाया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ के पूर्व सीएमओ डॉ. विनोद सिंह ने किया। उन्होंने रक्तदान के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, 36 बार रक्तदान कर चुके समाजसेवी चंद्रपाल यादव ने भी अपने अनुभव साझा किए। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के प्रभारी उमाकांत शुक्ल और डॉ. रामलखन तिवारी का विशेष योगदान रहा। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि 40 लोगों ने पंजीकरण कराया। रक्तदान की शुरूआत राजकुमार द्वारा की गई। साथ ही इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज की 5 छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान संजय गांधी अस्पताल के डॉ. साहिल मोराद (ब्लड बैंक मेडिकल ऑफिसर), शैलेन्द्र बहादुर सिंह (सुपरवाइजर), तेज बहादुर एलटी, अशोक मौर्या एलटी और रमेश कुमार जीडीए भी मौजूद रहे। जिला युवा परामर्शदात्री समिति की ओर से समाजसेवी चंद्रपाल यादव, डॉ. पूनम सिंह, रणधीर सिंह और शिव दुलारी महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश चंद्र शुक्ल को भी सम्मानित किया गया। आयोजन में जितेंद्र कुमार पटेल, सुनील कुमार, लालजी यादव, प्रीति यादव, नीलम सिंह, नीलम यादव, अभिनव त्रिपाठी, दीप शिखा श्रीवास्तव, आयुषी पांडेय और प्रतिमा शुक्ला का अहम योगदान रहा।

# दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

- पति समेत चार ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज, पति के अवैध संबंध और घर से निकाले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार




जौनपुर, जौनपुर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना तेजी बाजार पुलिस ने एक दहेज पीड़िता की शिकायत पर पति समेत चार ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र के गैरी कला निवासी सत्येंद्र कुमार की पुत्री पूनम ने 15 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। पूनम ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका विवाह 15 जून 2012 को महराजगंज के नाहरपुर निवासी मुन्नी लाल के पुत्र मनोज के साथ हुआ था। शादी में उसके पिता ने लगभग दो लाख रुपये के घरेलू सामान, तिलक में 51 हजार रुपये, सोने की चेन, घड़ी, अंगूठी, और साइकिल जैसे उपहार दिए थे। लेकिन विदा होकर ससुराल पहुंचने पर पति मनोज कुमार, ससुर मुन्नीलाल, और सास गुलाबा देवी ने दहेज में बाइक न मिलने पर नाराजगी जताई और उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पूनम ने बताया कि उसने इन सबके बावजूद अपने कर्तव्यों का पालन किया और उसके दो पुत्र–11 वर्षीय राज और नौ वर्षीय आशीष–पैदा हुए। हालांकि, उसका पति पड़ोस में रहने वाली एक महिला से अवैध संबंध में लिप्त हो गया। 5 अक्टूबर को, ससुराल वालों ने उसकी पिटाई की, आभूषण छीन लिए और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पूनम ने यह भी आरोप लगाया कि पति के साथ संबंध रखने वाली महिला ने उसे जहर खिलाकर मारने की धमकी दी है।

# दो मौरंग खदानों पर 50 लाख का जुर्माना

## खनिज अधिकारी, एसडीएम और सीओ सिटी ने संयुक्त रूप से की जांच

अमन लेखनी समाचार



बांदा, मौरंग के अवैध खनन पर अलग-अलग खदानों पर 50 लाख से अधिक का जुमार्ना लगाया गया है। बीते दिनों मरौली खदान की खंड संख्या 5 में 1703 घन मीटर पर 54 लाख 19 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया था। खनिज अधिकारी, एसडीएम और सीओ सिटी ने संयुक्त रूप से जांच की थी। आपको बता दें कि मरौली खंड संख्या 1 में कुछ रकबा 17.2802 हैक्टेयर है। ये प्रशांत कुमार गुप्ता निवासी गांधी नगर महोबा में स्वीकृत है। खान निरीक्षक और पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर व एसडीएम ने जांच की तो पाया कि स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र के अन्दर 1403 घन मीटर का अतिरिक्त खनन किया गया। जिसके ऊपर 12,62,700 का जुमार्ने की नोटिस दी गई है। वहीं दूसरी तरफ बांदा तहसील पथरी खदान 3 मयूर बॉक्साइट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रवीश गमबर बिलासपुर छत्तीसगढ़ के नाम से पट्टा है। आवंटित पर 3373 घन मीटर हुए अतिरिक्त खनन पर 30 लाख 38 हजार 700 रुपए का जुमार्ना लगाया है। बता दें कि अभी इसी महीने खदानों में खनन चालू हुआ है और खनन चालू होते ही पट्टेधारकों ने अपने खनन क्षेत्र से हटकर बाहर खनन कर रहे जिस पर जुमार्ना लगाया गया है।

# बांदा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों की नई पहल

- बेकार लकड़ी से बने नए उत्पाद, महिलाओं के रोजमर्रा के काम में सहायक

अमन लेखनी समाचार



बांदा, बांदा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों ने बेकार लकड़ी से नए-नए उत्पाद बनाने की अनोखी पहल शुरू की है, जिसका उपयोग केवल जलाने के लिए होता था। अब इन छात्रों ने इन उत्पादों को आकार और मशीनरी सिस्टम के जरिए बेहतर बनाया है, जिससे ये रोजमर्रा की चीजों में बदलकर बाजार में बेचे जा रहे हैं। उत्पादों में महिलाओं से जुड़ी वस्तुएं जैसे झुमके, चाबी के छल्ले, हाथ में पहनने के लिए कंगन, और हेयर बैंड शामिल हैं। इसके अलावा, लकड़ी के घर, कुल्हाड़ी, आरी, छेनी, पेन बॉक्स, और मोबाइल बॉक्स जैसे उत्पाद भी बनाए जा रहे हैं। विशेष जानकारी के अनुसार, बेकार लकड़ी का उपयोग उन टुकड़ों से किया जा रहा है जो पेड़ों को काटने के बाद बच जाते हैं। छात्रों का कहना है कि जब पेड़ काटे जाते हैं, तो जो लकड़ी खराब होती है, वह जलाने लायक नहीं होती। ऐसे में वे इसे अपनी प्रयोगशाला में लाते हैं, उसे पेंटिंग करते हैं, और विभिन्न सामग्रियों में परिवर्तित करके उचित दामों पर बाजार में बेचते हैं। कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया कि विश्वविद्यालय में कई पाठ्यक्रम हैं, जिनमें से एक है एफपीयू (फॉरेस्ट प्रोडक्ट यूटिलाइजेशन)। इस पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को वन उत्पादों का सही उपयोग सिखाया जाता है। इसमें छात्रों को उत्पाद बनाना भी सिखाया जाता है, जिससे वे न केवल नौकरी के लिए सक्षम हो सकें, बल्कि आत्मनिर्भर भी बन सकें। उत्पादों में महिलाओं द्वारा रोजाना इस्तेमाल की जाने वाली चीजें, लकड़ी के खिलौने, हैंगर, कुल्हाड़ी, आरी, हथौड़ा, बैठने की बेंच सहित कई अन्य चीजें शामिल हैं। छात्र पेड़ों की जड़ों को भी खुदाई करके लाते हैं और उन्हें अपने हिसाब से आकार देकर उत्पाद बनाते हैं। इस पहल के जरिए न केवल कचरा कम होगा, बल्कि लोगों के घरों से निकलने वाली खराब लकड़ियों का उपयोग भी होगा।

## संक्षेप

### घोरावल में समाधान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

घोरावल, घोरावल में अक्टूबर माह के तीसरे संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने की। समाधान दिवस के अवसर पर तहसील स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही राजस्व कर्मी भी मौजूद रहे। घोरावल में संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 59 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 5 समस्याओं का निस्तारण किया गया। एक स्थान पर टीम भेजी गई, जिसमें संयुक्त रूप से राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल थे। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, और खंड विकास अधिकारी ने जनता की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर गांवों के दर्जनों किसान रवी की बुआई हेतु डीएपी खाद न मिलने की शिकायत लेकर पहुंचे। किसानों ने एसडीएम को बताया कि साधन सहकारी समिति मुसहा खड़देउर के सचिव द्वारा डीएपी खाद की कालाबाजारी की जा रही है। सचिव ने पंद्रह दिन पूर्व दर्जनों किसानों से 10-10 हजार रुपए खाद देने के नाम पर एडवांस ले लिए हैं, लेकिन खाद नहीं दे रहे हैं। किसानों ने यह भी बताया कि संबंधित सचिव की शिकायत सहायक निबंधक सहकारिता से की जा चुकी है, किन्तु अब तक कोई जांच नहीं हुई है। इस संबंध में एसडीएम ने उपस्थित एडीओ सहकारिता को तलब कर केंद्र पर किसानों को उचित मात्रा में डीएपी खाद बंटवाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सचिव के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया गया। किसानों ने साधन सहकारी समिति पर खाद की कालाबाजारी और सचिव द्वारा एडवांस ले लेने के बावजूद खाद न देने की गंभीर शिकायत की। किसानों की उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्या का समाधान करेगा और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

### हापुड़ में सड़क हादसा

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बछलौता फ्लाईओवर के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में मिनी ट्रक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं। रामपुर जनपद के मिलक रामपुर निवासी मोनू गोस्वामी (30) अपनी पत्नी रजनी और बहन मुस्कान के साथ मिनी ट्रक में सवार होकर रामपुर से दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वे बछलौता फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन से उनकी मिनी ट्रक की भिड़ंत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि मोनू की मौत हो चुकी है। दुर्घटना के बाद मोनू की पत्नी रजनी और बहन मुस्कान को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। अस्पताल में उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि घायलों को उचित इलाज दिया जा रहा है और मृतक मोनू गोस्वामी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।

## एक हुआ सील, क्या बाकी हुआ डील,क्या अवैध स्वास्थ्य कारोबारीयो पर स्वास्थ्य विभाग है मेहरबान

### वहीं कुछ दिनों पूर्व घघसरा बाजार में एक अस्पताल को किया गया था सील

जिम्मेदारों की रहमों करम पर सहजनवा तहसील क्षेत्र में चल रहे अवैध प्राइवेट अस्पताल व पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र में लगातार कई महीनो से अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के खिलाफ प्रतिष्ठित अखबारो में लगातार खबरें चलाई गई तब जाकर के कुंभकर्णी नींद से जागे थे स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार और एक अस्पताल को सील भी किए थे लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों पर एक बड़ा सवाल खड़ा होता है सहजनवा तहसील क्षेत्र के अन्य जगहों पर धड़ल्ले से अवैध स्वास्थ्य कारोबारी के हौसले भी बुलंद है और अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर प्राइवेट अस्पताल संचालित करने में इन्हें जरा सी भी सरकार का कोई डर नहीं है। वही सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार झोलाछाप डॉक्टरों सहित अवैध तरह से संचालित होने वाली पैथोलॉजी प्राइवेट हॉस्पिटल अल्ट्रासाऊंड सेंटर डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक पे कार्रवाई की सिलसिला शुरू हो गई है सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल व क्षेत्र में चल रहे जितने भी अवैध पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड सेंटर सहित प्राइवेट अस्पतालों को चिन्हित कर लिया गया है जल्दी उन पर बड़ी कार्रवाई की जायेगी लेकिन अभी तक जिम्मेदारों के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया आखिर क्यों पूरे तहसील क्षेत्र व नगर पंचायत घघसरा मे जितने भी अवैध स्वास्थ्य कारोबारी है उनके ऊपर जल्द कार्यवाही शुरू किया जायेगा जिमेदारो द्वारा बार बार आश्वासन दिया जाता रहा है लेकिन घघसरा मे बिना रजिस्ट्रेशन के तमाम हॉस्पिटल, अल्ट्रासाउंड, पैथालॉजी संचालित हो रहे हैं वही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीछक द्वारा कुछ दिनों पूर्व नेशनल हॉस्पिटल को शील किया गया था लेकिन अन्य लोगों पर कार्यवाही नहीं किया गया वही देखा जाये तो घघसरा मे तमाम अबैध स्वास्थ्य कारोबारी अपने व्यवसाय को धड़ल्ले से संचालित कर रहे हैं, अब देखना है कि जिमेदारो द्वारा अन्य लोगों पर क्या कार्यवाही किया जायेगा या शील और डील का खेल इसी तरह चलता रहेगा और गरीब जनता को यमरूपी स्वास्थ्य कारोबारी डसते रहेगे।

## आईटीएम गीडा गोरखपुर में सैमसंग इनोवेशन सर्टिफिकेट वितरण समारोह

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के आईटीएम गीडा गोरखपुर में सैमसंग इनोवेशन सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य बिग डेटा और इंटरनेट ऑफ थिंग्स में छात्रों को उत्कृष्टता के लिए सम्मानित करना था।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. शांतनु रस्तोगी, प्रति कुलपति डीडीयू गोरखपुर विश्वविद्यालय रहे जिन्होंने छात्रों को उनके तकनीकी कौशल और इनोवेशन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों के लिए प्रेरित किया। साथ ही, समारोह में सैमसंग के प्रतिनिधि कौस्तुभ त्रिपाठी ने भी उपस्थित छात्रों को प्रोत्साहित किया और सैमसंग द्वारा दिए गए सहयोग की जानकारी दी। प्रो. शांतनु रस्तोगी ने अपने वक्तव्य में कहा, ₹बिग डेटा और इंटर्नेट ऑफ थिंग्स आज के डिजिटल युग के सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में से एक हैं। इस क्षेत्र में प्रशिक्षित छात्र भविष्य में तकनीकी क्रांति का नेतृत्व करेंगे।₹ उन्होंने छात्रों को नवाचार और तकनीकी कौशल में निरंतर सुधार करने का आग्रह किया। समारोह के अंत में सभी छात्रों को सैमसंग द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा और नवाचार के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दशार्ता है इससे छात्रों को नवाचार के क्षेत्र मे अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ आर पी सिंह, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, आशुतोष राव,विनीत राय,डॉ आशुतोष गुप्ता, नितेश राय सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

## मेरठ में भाजपाइयों ने किया नारकोटिक्स टीम का विरोध

### खैरनगर में छापा मारने पहुंची थी, देर रात तक चला हंगामा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में ड्रग्स विभाग और नारकोटिक्स विभाग ने अवैध और नशे की दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर और दवा विक्रेताओं के खिलाफ 2 दिन से अभियान चलाया हुआ है। शनिवार को नारकोटिक्स और ड्रग्स विभाग की टीम ने रोहटा रोड सहित खैरनगर स्थित दवा मार्केट में छापेमारी की थी। एक दवा विक्रेता के पास नशीली दवाइयां मिलने के चलते नारकोटिक्स टीम ने एक व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान दवा व्यापारीयों नारकोटिक्स टीम का विरोध कर दिया। मामले की जानकारी भाजपा नेताओं को दी। भाजपा नेता मौके पर पहुंचे और नारकोटिक्स टीम से व्यापारी को बचाया। व्यापारियों ने व्यापारियों के सम्मान में कमल भैया मैदान में के नारे लगाने शुरू कर दिए। वही टीम व्यापारी को चेतावनी देकर खाली हाथ लौट गई। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। नारकोटिक्स और ड्रग्स विभाग की टीम ने अवैध मेडिकल स्टोर सहित दवा विक्रेताओं की दुकानों पर छापेमारी की शाम को टीम रोहटा रोड पर पहुंची। रात में टीम ने खैर नगर स्थित दवा मार्केट में छापेमारी करते हुए एक व्यापारी की दुकान से नशे की दवाइयां जब्त कर ली इसके बाद टीम व्यापारी को गिरफ्तार करने लगी किसी दौरान दवा विक्रेता इकट्ठा हो गए और उन्होंने टीम का विरोध करते हुए जमकर हंगामा कर दिया।

## मेरठ के थाने में भाजपा-सपा नेताओं का हंगामा

- महिला को अपशब्द कहे, पुलिस ने दौड़ाया तो धरने पर बैठे भाजपाई; मंदिर निर्माण को लेकर झगड़ा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के मवाना में मंदिर समिति का झगड़ा रात थाने पहुंच गया। भाजपा नेता सौरभ शर्मा और सपा नेता विनोद गुप्ता पक्ष के लोगों ने पुलिस के सामने जमकर गाली-गलौज की। भाजपाइयों ने हंगामा किया, तभी सपा नेता विनोद गुप्ता की पत्नी थाने पर आ गईं। महिला की भाजपा नेता सौरभ शर्मा से बहस होने लगी। पुलिस दोनों पक्षों में बीच-बचाव करा रही थी, तभी भाजपा नेता ने महिला को सबके सामने अपशब्द कह दिए। सौरभ शर्मा ने थाने में सबके सामने महिला को गंदी बात बोल दी, ये सुनकर पुलिसवालों ने भाजपा नेता को जमकर हड़काया। इतना ही नहीं उसे खदेड़ते हुए पुलिस ले गई। मवाना गुड़ मंडी में प्राचीन शिव मंदिर है। शिव मंदिर में सपा नेता विनोद गुप्ता पूर्व उपाध्यक्ष रहे हैं। वहीं, भाजपा नेता सौरभ शर्मा मंदिर प्रबंध समिति में वर्तमान उपाध्यक्ष हैं। प्रबंध समिति में मंदिर निर्माण का पुराना विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते शनिवार को विनोद गुप्ता और सौरभ शर्मा के बीच बहस हो गई। बहस बढ़ते-बढ़ते झगड़े और मारपीट पर आ गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची दोनों पक्ष थाने आ गए। सौरभ शर्मा भाजपा में जिला सह संयोजक भी हैं। उनके साथ गणेशपुर ग्राम प्रधान और प्रधान संगठन के जिला महामंत्री आशु त्यागी ने भी हंगामा किया।

भाजपा नेताओं ने पुलिस पर भेदभाव करने और सपा नेताओं का साथ देने का आरोप लगाया। कहा कि पुलिस गलत पक्ष का साथ दे रही है। हम भाजपा कार्यकर्ता हैं, जनता की सेवा करते आए हैं, आगे भी करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा पक्ष दलितों को मंदिर में एंट्री नहीं देता। महिलाओं से बदतमीजी करता है। इसके अलावा भाजपाइयों ने विनोद गुप्ता पक्ष पर तमाम आरोप लगाए। वहीं, पुलिस पर भी भाजपाइयों की बात अनसुनी करने का आरोप लगाया। कई महिलाएं भी थाने पर भाजपा नेता सौरभ शर्मा के पक्ष में आ गईं।

## गाजियाबाद में गैंगमैन की मौत के बाद दिल्ली-हावड़ा ट्रैक बाधित

### अप-डाउन लाइन पर बैठे रेलवेकर्मी, लोको पायलट पर हॉर्न न देने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, गाजियाबाद में गौशाला रेलवे फाटक के पास शाम एक रेलवे कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। कर्मचारियों ने लोको पायलट पर ट्रेन चलाने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने गाजियाबाद स्टेशन के नजदीक कई ट्रेनों को रोक दिया। दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन बाधित होने की सूचना पर जीआरपी, रेलवे और स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। रेलवेकर्मियों को समझा-बुझाकर उन्हें ट्रैक से हटवाकर ट्रेनों का संचालन शुरू कराया। प्रदर्शनकारी रेलवेकर्मियों का कहना था कि गैंगमेन रेल पटरी पर पैदल चल रहा था। लोको पायलट ने उसको हॉर्न नहीं दिया। इस वजह से गैंगमेन को ट्रेन आने का पता नहीं चला और वो चपेट में आ गया। ये हादसा शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास हुआ, जब दनकौर से दिल्ली जाने वाली ईएमयू ट्रेन गाजियाबाद के गौशाला फाटक से गुजर रही थी। रेलवेकर्मियों ने इस हादसे के विरोध में पहले तो दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन की अप और डाउन लाइन को बंद किया। इसके बाद लूप लाइन को भी जाम कर दिया। इस वजह से कुछ देर तक ट्रेनों की आवाजाही बाधित रही।

## चलती बस में छात्रों को गोली मारी

- 1 के हाथ और 1 के पैर में लगी, फैज-ए-आम कॉलेज के हैं छात्र, क्लास में थूकने के विरोध में चल रहा था विवाद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में मेट्रो प्लाजा के पास फैज-ए-आम के छात्रों में चलती बस में विवाद हो गया। सरेआम एक युवक ने बस में ही छात्र को गोली मार दी। साथी को बचाने के चक्कर में एक छात्र के हाथ और दूसरे की जांघ में गोली लग गई। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। ब्रहमपुरी पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। फैज-ए-आम में पढ़ने वाले उमर ने गुरुवार को क्लास में थूक दिया था। छात्र शादाब की इसको लेकर उमर से कहासुनी हो गई थी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी थी। शनिवार को भी कहासुनी हुई थी। रविवार को शादाब अपने साथी कासिम और खुर्शीद के साथ बस में जा रहा था। इसी बस में उमर और उसका एक साथी भी था। बस ब्रहमपुरी थाना क्षेत्र में मेट्रो प्लाजा के पास पहुंची तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि उमर के साथ वाले युवक ने चलती बस में ही शादाब पर गोली चला दी। शादाब के साथी कासिम निवासी सिवालखास ने तमंचे को छीनने का प्रयास किया तो गोली उसके हाथ को हाथ छूते हुए खुर्शीद की जांघ में लग गई। लोगों की सूचना पर ब्रह्मपुरी पुलिस मौके पर पहुंची।

कासिम और खुर्शीद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सोनभद्र में नर्स के साथ धोखाधड़ी

### आरोपी ने 30 लाख का निकलवाया लोन, शादी का झांसा देकर किया शारीरिक शोषण

अमन लेखनी समाचार




दुद्धी, सोनभद्र के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के बीडर गांव की एक महिला ने एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने तहसील दिवस पर शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया। महिला ने पहले भी इस घटना की जानकारी पुलिस को दी थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता एनटीपीसी रिहंद नगर, बीजपुर में नर्स के रूप में कार्यरत है, उसने बताया कि उसकी पहचान नवेंद्र कुमार पाण्डेय से 2006 में हुई थी। नवेंद्र ने खुद को भारतीय समाज कल्याण एवं ग्रामीण विकास संस्थान का सेक्रेटरी बताया और 32 लाख रुपए का लोन लेने के लिए उसकी सहायता मांगी। इसके बाद नवेंद्र ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और उस दौरान मेरा मानसिक शोषण करता रहा। 2015 में नवेंद्र ने प्रार्थिनी से धोखे से 30 लाख रुपए का लोन कराया। इस लोन के लिए प्रार्थिनी के मकान को जमानत पर रखा गया था। नवेंद्र ने इस लोन की किसी भी किस्त का भुगतान नहीं किया, जिससे अब प्रार्थिनी को मकान की नीलामी का नोटिस मिला है, जिसमें 30 अक्टूबर 2024 की तारीख नीलामी के लिए निर्धारित की गई है। महिला ने आरोप लगाया है

कि नवेंद्र ने उसे धोखे से कई कागजों पर सादे हस्ताक्षर कराए और उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। जब प्रार्थिनी ने इस संबंध में सवाल किए, तो नवेंद्र ने उसे जान से मारने की धमकी दी और कोई जानकारी साझा करने से बचता रहा। महिला ने आरोप लगाया कि इंडियन बैंक, दुद्धी शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवेंद्र कुमार पाण्डेय के साथ मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी की है। जब महिला बैंक में गई, तो वहां से भी उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। अब नवेंद्र फोन भी नहीं उठा रहा है। महिला ने प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया कि वह अकेली महिला है और उसकी 17 वर्षीय बेटी है। वह खुद बीपी की मरीज है और दोनों के जीवन को खतरा है। महिला बहुत परेशान है और उसने जिला अधिकारी से प्रभावी कार्रवाई करने और उसके मकान की नीलामी को रोकने की मांग की है।

## ट्रेन से छात्र को दिया धक्का

- गिरकर गंभीर रूप से घायल, परिजन खींचते रहे चेन नहीं रुकी ट्रेन

अमन लेखनी समाचार



रामपुर, रामपुर में बीती रात ट्रेन से एक छात्र को अज्ञात बदमाशों ने धक्का दे दिया। साथ ही उसके मोबाइल, कैश उड़ा लिया। छात्र ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने ट्रेन की कई चेन खींची, लेकिन ट्रेन नहीं रुकी। कई घंटों बाद परिजनों को घायल छात्र मिल सका। घायल छात्र गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती मिला। जिला रामपुर में अक्सर ट्रेन से धक्का देने की वारदात सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में बीती रात जिला अररिया बिहार के रहने वाला छात्र निसार मोहम्मद पुत्र मोहम्मद वसीम अख्तर आनंद विहार दिल्ली जा रहा था। उसके साथ उसके परिजन भी थे। छात्र निसार मोहम्मद भीड़ की वजह से गेट के पास खड़ा था। ट्रेन की रफ्तार मध्यम थी। इस दौरान कुछ बदमाशों ने छात्र निसार मोहम्मद का मुंह मोड़कर उसे ट्रेन से नीचे धक्का दे दिया। साथ ही उसकी जेब से मोबाइल और कैश भी लूट लिया। छात्र नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और काफी देर तक बेहोश पड़ा रहा। वहीं ट्रेन में किसी ने शोर मचा दिया की कोई ट्रेन से नीचे गिर गया। इस पर छात्र के परिजन और दोस्त ने ट्रेन रोकने के लिए कई कोच में चेन खींची, लेकिन ट्रेन नहीं रुकी। ट्रेन मुरादाबाद पहुंच गई। परिजन और दोस्त ने बताया कि मुरादाबाद में उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। साथ ही छात्र को ट्रैक किनारे तलाशने की कोशिश की, लेकिन छात्र कहीं नहीं मिला। वहीं ट्रेन से नीचे गिरकर घायल काफी देर बाद होश आने पर खुद उठकर भटकता हुआ सड़क पर आया और मदद मांगता हुआ किसी प्रकार जिला अस्पताल पहुंचा और इलाज के लिए भर्ती हो गया। जिला अस्पताल से घटना की जानकारी जीआरपी पुलिस को दी गई। परिजन छात्र को तलाशते हुए जिला अस्पताल पहुंचे तो छात्र उन्हें मिला।

## साकेत आईटीआई के पास मिली युवक की लाश

### 3 दिन से लापता था, घरवाले बोले- पुलिस ने खुद ढूंढ़ने को कहा था

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नाले में युवक की लाश पड़ी मिली है। लाश पुरानी लग रही है। वहीं मृतक का नाम प्रवीण शर्मा है। जो पिछले 3 दिनों से लापता था। घरवाले प्रवीन को खोज खोजकर परेशान थे। लेकिन मिल नहीं रहा था। घरवालों का आरोप है जब उन्होंने पुलिस से मदद मांगी तो कहा गया कि खुद जाकर ढूंढ़ लो। आज प्रवीन की लाश मिली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आईटीआई के नाले में युवक का शव मिला है। शनिवार को वहां से गुजरते लोगों ने लाश को नाले में देखा। तुरंत पुलिस को बताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को नाले से निकलवाया। युवक की शिनाख्त प्रवीण शर्मा जो प्रगति नगर का रहने वाला है इसके रूप में हुई। पुलिस ने मृतक के घरवालों को मौके पर बुलाया। घरवालों ने बताया कि प्रवीण शर्मा हलवाई है। उसकी हाइड्रिल कालोनी के बाहर शर्मा स्वीट्स के नाम से दुकान है। वो 17 अक्टूबर को दुकान बंद कर घर के लिए निकले थे। उसके बाद घर नहीं पहुंचे। घरवाले उसी दिन से लगातार उसे खोज रहे हैं। आज उनकी लाश मिली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## घोरावल में विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

- 210 छात्रों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

घोरावल, ब्लॉक संसाधन केंद्र घोरावल में देर शाम राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में घोरावल के उपजिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने उन विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया, जिन्होंने सर्वश्रेष्ठ योग्यता की दक्षता हासिल करते हुए कुल 10 छात्रों को विज्ञान किट, स्टेशनरी, मोमेंटो, ट्रॉफी तथा प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम की शुरूआत उपजिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने मां सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन से की। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल अशोक कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। ब्लॉक संसाधन के कक्ष में सभी प्रतिभागी एवं अतिथि एकत्रित हुए, जहाँ विज्ञान से संबंधित सामग्री जैसे साइंस बुक, प्रिज्म, लिटमस पेपर, थर्मामीटर, तापमान मापी, अवतल लेंस, उत्तल लेंस, स्टॉपवॉच, माइक्रोस्कोपिक लेंस, स्टेशनरी, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर टॉप टेन को सम्मानित किया गया। घोरावल ब्लॉक के 70 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 210 छात्र-छात्राओं को उपजिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र, विज्ञान किट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। एसडीएम राजेश कुमार सिंह ने सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी और अपने जीवन के सफलतम सोपानों पर प्रकाश डाला। प्रतिस्पर्धा में शीर्षस्थ तीन स्थानों पर आलोक सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय ढुटेर प्रथम, अधिकृत पांडेय और अर्चना पाल को संयुक्त रूप से द्वितीय, जबकि संदेश पांडेय तृतीय स्थान पर रहे। उजाला पांडेय एवं अन्य 6 छात्र संयुक्त रूप से पंचम स्थान पर रहे। शीर्षस्थ पांच छात्र जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके अतिरिक्त, शीर्षस्थ तीन छात्रों को उनके खाते में तीन-तीन हजार रुपये जनपदीय प्रतियोगिता की तैयारी के लिए भेजा जाएगा और 50 छात्रों को शैक्षिक भ्रमण हेतु ले जाया जाएगा। कार्यक्रम में एसआरजी विनोद कुमार, एआरपी दीनबंधु त्रिपाठी, मिथिलेश द्विवेदी, अविनाश चंद्र शुक्ला, धर्मराज सिंह, अखिलेश सिंह सहित सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपस्थित शिक्षकों में रमेश सिंह, संजय सिंह, मयंक दुबे, राकेश शुक्ला, आलोक भारती, गुलाब प्रसाद भी शामिल रहे।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज मय हमराही देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त ताहिर खान पुत्र मो0 वकील निवासी हसवां कामापुर तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।तलाशी से अभियुक्त व तमंचा कारतूस बरामद हुआ गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता भी बरामद

अमन लेखनी समाचार




जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान मे उ0नि0 रामनरेश सिंह थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित के दौरान पॉक्सो एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त हरीश पुत्र घनश्याम निवासी करीडीह चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अपहता को सकुशल बरामद किया गया ।थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# समाज कल्याण विभाग में तैनात बाबू पर लगा आरोप

## मृतक आश्रितों को मिलने वाले धनराशि पत्नी के खाते में ट्रांसफर

अमन लेखनी समाचार



अमेठी के समाज कल्याण विभाग में तैनात एक बाबू के बड़े कारनामे का खुलासा हुआ है, जिसमें उसने गरीब मृतक के परिवार को मिलने वाली सरकारी सहायता राशि को अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर करवा लिया। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग और समाज कल्याण मंत्री तक पहुंची, जिससे पूरे विभाग में हड़कंप मच गया है ।मृतक के परिवार की आर्थिक मदद के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना संचालित की जाती है। इस योजना के तहत 18 से 60 साल के कमाऊ पुरुष या महिला की मौत के बाद उनके आश्रित को 30,000 रुपए की सहायता दी जाती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है जिसमें मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, और आय प्रमाण पत्र शामिल होता है।

लखनऊ के इंदिरानगर निवासी अखिलेश सिंह ने इस घोटाले का खुलासा करते हुए प्रमुख सचिव समाज कल्याण और अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज कल्याण विभाग के प्रधान सहायक गोकुल प्रसाद जायसवाल ने अपनी पत्नी के खाते में पारिवारिक लाभ योजना के 30,000 रुपए ट्रांसफर करवा लिए।यह राशि 18 सितंबर 2017 को ट्रांसफर की गई थी। पीड़ित ने शिकायत की है।

### एक सप्ताह में मांगी गई रिपोर्ट

इसके अलावा, उन्होंने बताया कि एक ही लाभार्थी के लिए दो बार 30,000 रुपए का लाभ दिया गया।साथ ही, कुछ लाभार्थियों के आवेदन पत्र बिना सक्षम अधिकारी से स्वीकृत कराए ही उनके खातों में राशि भेज दी गई थी। शिकायत मिलने के बाद निदेशक समाज कल्याण, कुमार प्रशांत ने मंडलीय उप निदेशक समाज कल्याण अयोध्या को जांच के आदेश दिए हैं।उन्हें एक सप्ताह के भीतर जांच आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।यह मामला सरकारी धन के गबन का एक गंभीर उदाहरण है, जिसने समाज कल्याण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

## औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम

अमन लेखनी समाचार


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

अमेठी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में सभी प्रकार के उद्यमों, उद्योगों की स्थापना तेजी से हो रही है। उद्यम/उद्योग-धंधे स्थापित करने वाले उद्यमियों को हर स्तर पर सुविधा व सहयोग दिया जा रहा है।निवेश मित्र के माध्यम उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति / लाइसेन्स अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया ऑनलाइन व्यवस्था की गई है जिससें उद्यमी समयबद्ध रूप से स्वीकृतियाँ आदि प्राप्त कर रहे है।तत्कम में विभाग की रोजगार परक योजना यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना को निवेश मित्र पोर्टल से लिंक करा दिया गया है जिससे आवेदन कताओं को आवेदन करने में और अधिक सुविधा प्राप्त हो गयी है।उक्त के साथ ही पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का अनुश्रवण भी अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराया जा रहा है।प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2020-21 से दिनाक 18.04. 2024 तक कुल लगभग 2794180 उद्यम पंजीकृत हुये हैं। उ०प्र० सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तकनीकी उन्नयन योजना, हस्तशिल्प विपणन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री हस्तशिल्प पेंशन योजना, विशिष्ट शिल्पकारों के लिए पेंशन योजना, 72 घण्टे में अभिस्वीकृति प्रमाण-पत्र निर्गमन, स्टाम्प ड्यूटी छूट और कारीगरों की सूची को ऑनलाइन कराया गया।

## कस्बे में निकाली गई खाटू श्याम विशाल यात्रा, बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी हुए शामिल





अमन लेखनी समाचार

अमेठी में श्याम मित्र मंडल की तरफ से आज विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसे लेकर कस्बे में खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए। यात्रा पूरे कस्बे के भ्रमण करने के बाद सेलिब्रेशन प्वाइंट दुगार्पुर रोड पर जाकर समाप्त हुई जहां आज शाम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा श्याम भजन की प्रस्तुति दी जाएगी ।दरअसल, आज अमेठी कस्बे के दुगार्पुर रोड स्थित सेलिब्रेशन प्वाइंट में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है। भजन संध्या के पहले अमेठी कस्बे में बाबा खाटू श्याम निशान यात्रा निकाली गई। कस्बे के हनुमान गढ़ी मंदिर से निकली निशान यात्रा में सैकड़ों श्याम मित्र शामिल हुए।

यात्रा पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद दुगार्पुर रोड स्थित सेलिब्रेशन प्वाइंट पर जाकर समाप्त हुई ।इसी सेलिब्रेशन प्वाइंट पर आज शाम को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है ।भजन संध्या में अखंड ज्योति, अलौकिक श्रृंगार, फूलों की होली, श्री श्याम रसोई और छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा ।देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक मयंक अग्रवाल पंजाब, आयुष सोमानी जयपुर, कनिका ग्रोवर समेत अन्य गायक भजनों की प्रस्तुति करेंगे ।कार्यक्रम में महेश सोनी, पवन अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, हरिशंकर जायसवाल, फूलचंद्र कसौंधन, नगर पंचायत अद्यक्ष अंजू कसौंधन, निखिल अग्रवाल, हिमांशु अग्रहरी, दीपक बेकरी, समेत बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल हुए।

## पालतू मवेशी बर्बाद कर रहे फसलें

### किसान ने पुलिस से की कार्यवाही की मांग

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। क्षेत्र के इंगोहटा गांव में ग्रामीणों के पालतू मवेशियों को छुट्टा छोड़ दिए जाने से खेतों में खड़ी धान की फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने थानाध्यक्ष से कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि मेहनत और मनचाही लागत से तैयार हो रही फसल को बचाया जा सके। किसान अशोक निगम ने थानाध्यक्ष को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि खेतों में धान व तिल की फसलें खड़ी है। लेकिन कुछ लोगों द्वारा अपने जानवरों को खुला छोड़ दिया गया है, जो सहकारी समिति के सामने बाजार, कब्रिस्तान, हरिजन बस्ती के चौराहे के पास 25-30 की संख्या में प्रत्येक रात्रि को बैठते हैं। यह मवेशी मौका पाते ही खेतों में खड़ी फसलों को क्षति पहुंचा रहे है। किसान ने पशु पालकों पर कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है ताकि फसलों को बचाया जा सके।

## हार जीत की बजी लगते चार जुआरी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही क्षेत्र में जुए के फड़ गुलजार होना शुरू हो गए हैं हालांकि ऐसे ही एक फड़ में छापेमारी कर पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस कपसा रोड पर वेलकम गेस्ट हाउस के निकट एक जुए के फड़ में छापेमारी कर सुशील निवासी चुंगीचौकी, राकेश साजन तालाब, अखिलेश मंगीपुरवा, गया प्रसाद साजन तालाब को गिरफ्तार किया है ।पकड़े गए आरोपियों के पास से मालफड़ और जामा तलाशी में लगभग छः हजार रुपये बरामद किए गए हैं ।सभी के विरुद्ध जुए की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## राजकीय हाईस्कूल जरिया में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार




सरीला, हमीरपुर। तहसील सरीला के राजकीय कस्तूरबा गांधी बालिका हाईस्कूल जरिया में मंगलवार को कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अन्तर्गत कैरियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक जरिया व मेहेर कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल चंडौत पधारे। शाखा प्रबंधक ने अपने उद्?बोधन में कहा कि कैरियर केवल नौकरी ही न समझे अन्य विकल्पों को भी आप अच्छे केरियर के रूप में चुन सकते है, जैसे अन्य विकल्प स्टार्टअप व्यवसाय, खेल, तकनीकि कृषि हो सकते है। विशिष्ट अतिथि अमित कुमार प्रधानाचार्य पं. गयादीन चंसौरिया बालिका विद्यालय ममना ने छात्रों से कहाँ कि कैरियर चयन का अंकुरण कक्षा 9 से 12 तक में ही उग जाता है। कैरियर चयन में हमेशा अपनी रुचि एवं घर की परिस्थिति को देखकर ही चयन करे। कैरियर गाइडेंस के नोडल शिक्षक भीमशंकर ने पंख पोर्टल एवं स्विफ्ट चैट के बारे में छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद यादव ने बताया कि कैरियर चुनने के लिए दृढ़ इच्छा का होनों अतिआवश्यक है। कार्यक्रम में जरिया थाना से पधारी कांस्टेबल सरिता व शिवांगी सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये। उक्त मेले में ग्रामवासियों एवं अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में विधालय के सहायक अध्यापक दिनेश कुमार, चन्द्रशेखर, दीपू कुमार, पंकज कुमार उपस्थिति रहे।

कार्यक्रम का संचालन भीमशंकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद यादव ने सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित

अमन लेखनी समाचार

मुस्करा, हमीरपुर । विकास खंड मुस्करा की ग्राम पंचायत गहरौली में चार दिवसीय रामलीला के आयोजन के बाद स्व.प.नवलकिशोर गुरुदेव (पूर्व टछ्उ और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) के 114वें जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन कवि शिव गुरुदेव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कवि देवेंद्र नटखट हास्य, संतोष कुमार विगुल, अनीता मौर्य, प्रांजल प्रताप, राजा पाण्डेय, बद्रीप्रसाद द्विवेदी, प्रकाश ने अपनी कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में कवियों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कवि प्रो.ओमपाल सिंह निडर ने किया ।इस कार्यक्रम के आयोजक आनंद कुमार गुरुदेव तथा व्यवस्था में समस्त गुरुदेव परिवार रहा ।इस मौके पर थाना प्रभारी राहुल मिश्रा, ग्राम प्रधान वीरेंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार द्विवेदी ,विवेक गुरुदेव , विकास गुरुदेव, हर्ष गुरुदेव , अश्वनी पाण्डेय ,सैंडी द्विवेदी, राम सिंह पाल समेत बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे।

# ठुमक चलत राम चंद्र बाजत पैजनिया

## कर्म के उद्देश्य ही फल के रूप को निर्धारित करता है... देवी चित्रलेखा

### रामचंद्र मिश्र के संयोजन मे चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ

अमन लेखनी समाचार





कुडवार कथा कराने के पीछे क्या उद्देश्य है उसी पर कथा का फल निर्भर करता है व्यक्ति के कर्म उसके फल के बड़े कारक है अच्छे कर्म करने का फल अलग और बुरे कर्म का अलग फल स्वयं जगदीश ने निर्धारित किया है भगवान ने संसार का ऐसा स्ट्रक्चर बनाया है कि यह पूरा दुखालय है यहां पग पग पर दुख ही मिलने है पर यह स्थाई नही है दुख मे ईश्वर का हाथ पकड़े रहिये फिर सुख भी आयेगा उक्त विचार श्रीमद्भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस की कथा मे अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास देवी चित्र लेखा ने कही ।कार्यक्रम मे पंहुचे सुल्तानपुर के मशहूर डॉ एके सिंह, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण पटेल सांसद फूलपुर आर एस यादव जिला सत्र न्यायाधीश लोक अदालत रामप्रकाश मिश्रा जिला अध्यक्ष अमेठी सीताराम वर्मा विधायक लंभुआ अमरेंद्र सिंह गुरु नारायण पांडेय दयाशंकर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष अमेठी कुंवर बहादुर सिंह ब्लाक प्रमुख लंभुआ दिनेश दूबे विजय पांडेय आदि ने व्यास पीठ को नमन करते हुए साध्वी का आशीर्वाद लिया यहाँ देवी ने भक्त प्रहलाद गजेंद्र समुंदर मंथन की कथा सुनाई यहाँ मंथन से निकले अमृत को लेकर संघर्ष शुरू हुआ तब नारायण स्त्री स्वरूप लेकर पहुंचे और चालाकी से देवताओ को अमृत पिला दिया सूर्य व चंद्रमा के बीच छिपे राहु ने अमृत पान कर लिया जिसका सर नारायण ने सुदर्शन से काट दिया देवताओ व राक्षसों के बीच युद्ध शुरू हुआ अब बलि को ठीक करने के लिए नारायण को माता अदिति के यहाँ वामन के स्वरूप मे अवतरित हुए ठुमकी चलत राम चंद्र बाजत पैजानिया से देवी ने मयादी पुरुसोत्तम के बाल व्यवहार की चर्चा की। देवी चित्रलेखा ने देवकी और वासुदेव के विवाह आकाशवाणी वासुदेव और देवकी के कारागार में डालने वह आठवें पुत्र रूप में श्री कृष्ण के जन्म होने व मां भगवती विंध्याचल निवासिनी की कथा विस्तार से सुनाई ।भागवत पीठ की आरती मे प्रदेश सरकार मे मंत्री गिरीश यादव डॉ आर के मिश्र धर्मेंद्र सिंह बबलू डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी प्रधान संघ अध्यक्ष मनोज तिवारी रेनू सिंह श्याम नारायण पांडेय विनोद पांडेय क्षितिज मिश्र राकेश त्रिपाठी शशिकांत तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष जग प्रसाद सिंह मंडल अध्यक्ष महावीर श्रीवास्तव शशिकांत तिवारी अवधेश शर्मा रमेश तिवारी रामतीर्थ तिवारी राजेश दुबे निर्माण जगदीश ओझा आरपी मिश्रा लवकुश तिवारी महेश सिंह अखिलेश मिश्रा राकेश दूबे आदि रहे। आयोजक पंडित राम चंद्र मिश्र ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया।

## संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में करवा चौथ क्वीन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में बस स्टैंड के पास स्थित हवाना होटल में करवा चौथ क्वीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संगठन की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रोग्राममें हिस्सा लिया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बबीता मिश्रा (पत्नि जिला जज झाँसी) व विशिष्ट अतिथि के रूप में कुसुम कनौजिया (पत्नि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), किरन रावत (महिला थानाध्यक्ष) व डॉ. नीति शास्त्री (वरिष्ठ समाज सेविका)उपस्थित रहीं। अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात अतिथियों एवं चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में सभी मेंबर्स ने गेम खेल कर एवं डांसकर कार्यक्रम का आनंद लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कशिश अग्रवाल, द्वितीय ज्योति नगरिया, तृतीय अंकिता अग्रवाल को प्राप्त हुआ वहीं राधिका मोदी को बेस्ट ड्रेस, निधि शर्मा को बेस्ट मेहंदी, रचना कुदरया को बेस्ट हेयर स्टाइल, ज्योति नगरिया को बेस्ट थाली व नाज को बेस्ट बैंगल्स के लिये पुरुष्कृत किया गया। सांत्वना पुरस्कार में नूपुर अग्रवाल, वैशाली राय, प्रेरणा हजेला, तमन्ना राय, शैलू अग्रवाल, वैशाली राय, प्रियंका गर्ग दीपा गुप्ता को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय विजेता को मोमेंटो एवं साड़ी देकर सम्मानित किया एवं सभी उपस्थित मेंबरों को गिफ्ट दिये गये। इस अवसर पर सपना सरावगी (चार्टर प्रेसिडेंट), नेहा तिवारी (प्रेसिडेंट), मोना राय(वाइस प्रेसिडेंट), रक्षा शर्मा(कोषाध्यक्ष), अंजलि अग्रवाल (सचिव), शैलजा अग्रवाल (प्रोग्राम डायरेक्टर), नेहा रायकवार (स्पेशल गेस्ट), ईसा अरोरा, रविका खरे (बुंदेली स्पिरिट), सोनिया सिंह, रचना कुदरया, शिल्पी गुप्ता, अंकिता अग्रवाल, भारती खंडेलवाल, प्रेरणा साहवानी, कशिश अग्रवाल, ओमनी राय, तमन्ना राय, ट्विंकल बंसल, अमृता बंसल, प्रेरणा हजेला, आकांक्षा, संचिता अग्रवाल, अंजलि नगरिया, जसप्रीत चावला, दीपा अग्रवाल, दीपा गुप्ता, डॉली श्रीवास्तव, ज्योति नगरिया, ज्योत्सना, नंदनी अग्रवाल, निधि शर्मा, पूनम गोविंदानी, प्रीति बाजपेई, प्रियंका पारीक्षा, प्रियंका गर्ग, राधा अग्रवाल, नूपुर अग्रवाल, शेफाली अग्रवाल, शालू गर्ग, अंजू सोनी, बरसा त्रिपाठी, शिवानी अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, हिना करनानी, कविता पांडे, ममता अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नाज, शैलू गर्ग, राधिका मोदी, संयुक्ता, रूपाली गर्ग, स्वप्निल अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, राखी, वैशाली राय, दीपा गुप्ता उपस्थित रहीं।

## पुत्र ने की वृद्ध पिता की पिटाई, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर ।कूटरचित तरीके से नलकूप अपने नाम कराने का विरोध करने पर पुत्र ने पिता को बेरहमी से पीट दिया जिससे उसके कमर की हड्डी टूट गई ।पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खण्डेह निवासी रामेश्वर पुत्र रामलाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपने सभी पुत्रों को अपनी चल अचल सम्पत्ति बांट दी थी लेकिन उसके बाद उसके पुत्रों ने कहा कि अगर ट्रैक्टर और हो तो खेती अच्छी होगी ।जिसपर उसने पच्चीस लाख रुपये अपने पुत्र संतोष को दिए लेकिन संतोष ने अपने भाईयों और मुझसे धोखा देकर ट्रैक्टर और नलकूप अपने नाम करा लिया ।पीड़ित ने बताया कि जब उसे इस बात की जानकारी हुई तो उसने अपने पुत्र संतोष से बात की पहले तो संतोष टालमटोल करता रहा फिर संतोष ने उसे बेरहमी से मार दिया जिससे उसकी कमर की हड्डी टूट गई

## क्रांतिकारी अशफाक उल्ला की जयंती मनाकर दी श्रृद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। वर्णिता संस्था के तत्वावधान में सुमेरपुर कस्बे में विमर्श विविधा के तहत बेमिसाल बलिदान के प्रतीक अशफाक उल्ला खां की जयंती मनाकर श्रृद्धांजलि देकर नमन किया गया। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अशफाक सही मायने में मां भारती के जांबाज क्रांतिकारी थे। इनका जन्म 22 अक्टूबर 1900 को शफीक उल्ला व मसरूह निशा के घर शाहजहांपुर में हुआ था। आगे चलकर इनकी मित्रता पंडित रामप्रसाद बिस्मिल से हो गई। जिसे राम रहीम की जोडी कहा गया। इनका एचआरए नामक एक क्रातिकारी संगठन था। अंग्रेजों से मुकाबले के लिये हथियारों की आवश्यकता थी। जिसके लिए धन की आवश्यकता थी। फलतः अशफाक और उसके मित्रों ने 9 अगस्त 1925 को लखनऊ के पास काकोरी स्टेशन में ट्रेन को लूटा। जिसमें लगभग छह हजार रुपये मिले ।अंग्रेजी हुकूमत ने अशफाक उल्ला को पकड़ लिया और आधा सैकडा देशभक्तों पर मुकदमा चलाया। अशफाक, बिस्मिल, रोशन सिंह व राजेन्द्र लाहिड़ी को फांसी की सजा हुई। अशफाक सहित चार देशभक्तों को 19 दिसम्बर 1927 को फांसी पर लटका दिया गया। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, आयुष शिवहरे, संतोष, प्रेम, महावीर, रिचा, भोलू सिह, बाबूलाल, सिद्धा, विकास, आशुतोष, दस्सी, अजय आदि शामिल रहे।


**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# उत्कर्ष और नाना की फिल्म 'वनवास' जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** 'गदरः एक प्रेम कथा', 'अपने' और 'गदर 2' जैसी हिट फिल्मों के बाद अनिल शर्मा एक बार फिर से पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कुछ समय पहले ऐलान किया था कि वह अपने बेटे उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर के साथ एक मूवी बना रहे हैं। अब उसकी रिलीज डेट सामने आई गई है। वह कब और कहां रिलीज होगी, आइए जानते हैं। फिल्म का नाम 'वनवास' है, और इसी की शूटिंग के दौरान एक थप्पड़ कांड भी हुआ था, जिसने 'वेलकम' एक्टर को विवादों में लाकर खड़ा कर दिया था। ये फिल्म जी स्टूडियो के बैनर तले बनी है और 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## लाइफ Style

# किआरा नहीं बता पाईं राज्यों के नाम

एक्ट्रेस किआरा आडवाणी को राम चरण और राणा दग्गुबाती के साथ उनके शो 'नंबर 1 यारी' में देखा गया। इस शो का प्रीमियर पिछले साल हुआ था। राम और किआरा सीजन के लास्ट एपिसोड में आए। 2023 में प्रसारित इस एपिसोड में कई खास पल थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में एक रेडिट यूजर ने एपिसोड से एक क्लिप शेयर की जिसमें राणा और राम ने कियारा से दक्षिण भारत के बारे में कुछ सवाल पूछे और उनसे दक्षिण भारतीय राज्यों के नाम बताने को कहा। लेकिन कियारा के जवाब ने उन्हें हर किसी के निशाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। कियारा ने तेलंगाना से शुरुआत की, इसके बाद आंध्र प्रदेश और यहां तक कि कर्नाटक का नाम भी लिया। राणा को उन्हें तमिलनाडु को याद करने के लिए मदद करनी पड़ी। राणा ने उन्हें तमिलनाडु का नाम लेकर मदद करते हुए पूछा। हालांकि, वह केरल को बोलना भूल गईं। राणा ने फिर उनकी मदद की और बोले- मलयालम कहां से है? कियारा को जवाब नहीं पता था। राम ने अंत में उत्तर दिया- केरल। कियारा ने कहा- हां मैं यही कहने वाली थी। हालांकि यह पुरानी क्लिप है, लेकिन यह अब रेडिट पर वायरल हो गई है और कई लोगों ने ज्ञान की कमी के लिए कियारा की आलोचना की है। एक ने लिखा- हे भगवान, सोबो के बच्चे इस तरह अपने पॉश स्कूलों में इतनी अधिक फीस का भुगतान कर रहे हैं। टियर 2 शहर के सीबीएसई स्कूल का कोई भी बच्चा सभी राज्यों और उनकी राजधानियों के नाम बता सकता है।

## हॉलीवुड मसाला



# मरने के बाद भी कमाए 22 हजार करोड़

**लॉस एंजिलिस।** पॉप स्टार माइकल जैक्सन की मौत को 15 साल बीत चुके हैं, पर आज भी उनकी अरबों में कमाई हो रही है। कुछ हस्तियां ऐसी हैं, जिनका स्टारडम मौत भी नहीं छीन पाती, और माइकल जैक्सन ऐसे ही सिलेब्रिटी रहे। मौत के 15 साल बाद भी माइकल जैक्सन का नाम उन हस्तियों की लिस्ट में शुमार है, जो मौत के बाद भी सबसे ज्यादा कमाई कर रही हैं। साल 2009 में माइकल जैक्सन की मौत से लेकर अब तक उनकी कमाई 2.7 बिलियन डॉलर (22 अरब के आसपास) पहुंच चुकी है।



# टॉम हॉलैंड और जेंडाया ने पढ़ ली है स्क्रिप्ट...

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड ने हाल ही 'स्पाइडर मैन 4' को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी को-स्टार जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की स्क्रिप्ट का फर्स्ट ड्राफ्ट पढ़ा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स अपने फेज-5 में है। एमसीयू की पिछली फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' सुपरहिट रही है। टॉम हॉलैंड ने रिच रोल पॉडकास्ट में 'स्पाइडर मैन' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अभी जो स्क्रप्टि है, वह फर्स्ट ड्राफ्ट है। इस पर अभी बहुत काम करने की जरूरत है। लेकिन वह इतना जरूर कहेंगे कि राइटर्स बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। इससे पहले सितंबर महीने में रिपोर्ट में कहा गया था कि डेस्टिन डैनियल क्रेटन सुपरहीरो फ्रेंचाइजी की चौथी किस्त का डायरेक्शन करने वाले हैं।



# 'सिंघम' करने के लिए खुद को मानती हैं लकी

**मुंबई।** 'सिंघम' फिल्म को 18 अक्टूबर को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है। इस फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने प्रशंसकों से बात की थी। ये फिल्म साल 2011 में पहली बार रिलीज की गई थी। इस फिल्म में अजय देवगन को पहली बार बाजीराव सिंघम की भूमिका में देखा गया था, हिंदी सिनेमा में इस फिल्म के जरिए काजल अग्रवाल ने भी डेब्यू किया था। एक इंटरव्यू के दौरान काजल ने बात की। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों के साथ मुझे इसके जरिए दोबारा मिलने का मौका मिला है। सिंघम बहुत ही स्पेशल फिल्म है। यह बॉलीवुड में ट्रेंड सेट करने वाली खास फिल्मों में से एक है। फिल्म को बहुत सारे प्रशंसक मिले हैं।काजल ने कहा कि बहुत से प्रशंसक आज भी सिंघम फिल्म को टीवी या ओटीटी पर देखना पसंद करते हैं।



# 'द राजा साब' के बड़े अपडेट के लिए समय तय

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद प्रभास के प्रशंसकों की निगाहें उनकी आगामी इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब पर टिकी हुई हैं। इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और रिद्धि कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। प्रभास का जन्मदिन 23 अक्टूबर को आने वाला है। ऐसे में उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों के बारे में अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं प्रभास की आगामी फिल्म द राजा साब को लेकर प्रशंसक उनके जन्मदिन से पहले एक स्पेशल एडवांस बर्थडे पोस्टर की उम्मीद कर रहे हैं। इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए, द राजा साब के निर्माताओं ने कुछ खास योजना बनाई है।

## टीवी मसाला



# करवा चौथ पर विक्रांत मैसी ने छूए पत्नी के पैर

**मुंबई।** विक्रांत मैसी बॉलीवुड के टॉप कलाकारों में से एक हैं। 12वीं फेल की सफलता के बाद अभिनेता का करियर सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हाल ही में, 20 अक्तूबर को देशभर में करवा चौथ का त्योहार मनाया गया। बॉलीवुड की कई हस्तियों ने अपने पार्टनर के साथ अपने सेलिब्रेशन की झलकियां शेयर की हैं। विक्रांत मैसी ने भी अपनी और पत्नी शीतल ठाकुर के सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। हालांकि, इन तस्वीरों के सामने आने के बाद हर तरफ अभिनेता की तारीफ हो रही है। विक्रांत मैसी ने इंस्टाग्राम पर कल रात के करवा चौथ समारोह की कई तस्वीरें साझा कीं। पहली तस्वीर में उनकी पत्नी शीतल ठाकुर छलनी से उन्हें देखती नजर आ रही हैं और बैकग्राउंड में चांद चमक रहा है। दूसरी तस्वीर में शीतल ने विक्रांत के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। तीसरी तस्वीर में अभिनेता ने अपनी पत्नी के पैर छूए। आखिरी स्लाइड में विक्रांत शीतल को पानी पिलाते हुए दिखाई दिए, जिसके बाद उन्होंने अपना व्रत तोड़ा था।

## रेमो ने धोखाधड़ी के आरोपों को किया खारिज

**मुंबई।** कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा और उनकी पत्नी लिजेल डिसूजा पर कथित रूप से 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि रेमो, उनकी पत्नी व पांच अन्य लोगों ने एक डांस ग्रुप के साथ धोखाधड़ी की है। बीते शनिवार को सभी के खिलाफ 12 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला ठाणे जिले में दर्ज किया गया। हालांकि, खुद पर लगे इन आरोपों पर अब रेमो ने प्रतिक्रिया दी है और इन्हें झूठा बताया है। कोरियोग्राफर, एक्टर और डायरेक्टर रेमो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर लिखा है, 'कई मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए हमें यह मालूम चला है कि हम लोगों के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज हुई है। ऐसा दावा किया गया है कि हम लोगों ने एक डांस ग्रुप के साथ धोखाधड़ी की है। मुझे यह कहते हुए अफसोस हो रहा है कि हमारे बारे में इस तरह की खबरें प्रकाशित हो रही हैं। हम सभी से ये गुजारिश करना चाहते हैं कि इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं। ये सभी झूठी खबरें हैं और लोग हमें लेकर अफवाह फैला रहे हैं'।



# आलिया को करण का ही सबसे बड़ा सहारा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत बाल कलाकार के तौर पर फिल्म 'संघर्ष' से की थी, जिसमें उन्होंने छोटी प्रीति जिंटा की भूमिका निभाई थी, लेकिन मुख्य अभिनेत्री के तौर पर उनके करियर की शुरूआत निर्माता-निर्देशक करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से हुई थी। आज बात करते हैं आलिया के उन निर्माताओं के बारे में जिन्होंने उनके करियर को संवारा है। करण जौहर ने आलिया को बतौर अभिनेत्री अपनी पहली फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर में ब्रेक दिया था। इस फिल्म में आलिया को 500 लड़कियों के साथ ऑडिशन देना पड़ा था। फाइनल होने के बाद आलिया ने 16 किलोग्राम वजन कम किया था। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में आलिया के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन ने अभिनय किया था। यह फिल्म 19 अक्टूबर 2012 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में आलिया से लेकर सिद्धार्थ और वरुण का प्रदर्शन भी दर्शकों को पसंद आया। इसके अलावा शशांक खेतान द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म हम्टी शर्मा की दुल्हनियां और बद्रीनाथ की दुल्हनियां में आलिया और वरुण की जोड़ी को प्रशंसकों ने खूब पंसद किया। फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित किया गया है। इसके अलावा धर्मा प्रोडक्शंस और वायकॉम 18 स्टूडियोज के तहत निर्मित रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया के साथ रणवीर सिंह की जोड़ी नजर आई थी।



# माना तारने से शुरू हुआ बड़ा नाम बनाने का जुनून...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी को आज किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। वह बॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। एक के बाद एक सफल फिल्में दे कर उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता और फैंस के बीच अपनी स्वीकृति को साबित किया है। इन दिनों अभिनेत्री अपनी फिल्मी सफर का आनंद ले रही हैं। लैला मजनू से करियर की शुरुआत करने के बाद फिल्म दर फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने वाली तृप्ति हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम बनने की ओर अग्रसर हैं। इस बीच अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया में अपने शुरुआती दिनों का जिक्र किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे उन्होंने बॉलीवुड में बड़ा नाम बनाने का ठान लिया था। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान तृप्ति डिमरी ने बताया कैसे एक टिप्पणी ने उनके अंदर कुछ कर दिखाने का जूनून पैदा किया। अभिनेत्री ने कहा, किसी ने मुझे ताना मारा और कुछ बहुत ही घटिया बात कही और उस दिन मैंने सोचा कि मैं बिना कुछ किए शहर नहीं छोड़ सकती। अभिनेत्री ने आगे कहा कि जब कोई इंडस्ट्री में नया होता है, तो वह अक्सर सही और गलत के बीच अंतर नहीं कर पाता।



## सुनील ग्रोवर, तेजस्वी प्रकाश और जेठालाल को छोड़ा पीछे

# कपिल बने सबसे अमीर टीवी स्टार, एक एपिसोड की फीस 5 करोड़

**मुंबई।** आपको बताते हैं सबसे अमीर टीवी स्टार की कमाई, नेटवर्थ और आलीशान जिंदगी। के बारे में। इसमें रूपाली गांगुली भी हैं, जो हर एपिसोड के लिए 3 लाख रुपए कमाती हैं और 'नागिन 6' की तेजस्वी प्रकाश जैसे जाने-माने चेहरे भी लिस्ट में हैं। लेकिन भारतीय टेलीविजन के सबसे अमीर एक्टर कोई और नहीं बल्कि कॉमेडियन कपिल शर्मा हैं। कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के पास मुंबई में एक घर है, जहां से शहर का खूबसूरत नजारा दिखता है और चारों ओर हरियाली है। कपिल शर्मा के पास पंजाब में एक आलीशान फार्महाउस भी है जिसके ठीक सामने एक बड़ा लॉन है। उनकी प्रॉपर्टी की झलक अक्सर उनके सोशल मीडिया पेज पर शेयर किए गए पोस्ट में देखने को मिल जाती है। आइए आपको दिखाते हैं उनके घर की फोटोज।

*भारतीय टेलीविजन में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला एक्टर कथित तौर पर हर एपिसोड के लिए 5 करोड़ रुपये लेता है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इस एक्टर की कुल नेटवर्थ बढ़कर 300 करोड़ रुपए हो गई है। सास-बहू के सीरियल्स के बावजूद सबसे अमीर टेलीविजन एक्टर का खिताब किसी और के पास चला गया है। ये और कोई नहीं बल्कि कपिल शर्मा हैं।*



### कपिल शर्मा की नेटवर्थ

मनीकंट्रोल के अनुसार, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के होस्ट कपिल शर्मा कथित तौर पर हर एपिसोड के 5 करोड़ रुपये कमाते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 300 करोड़ रुपये आंकी गई है। कपिल शर्मा को फेम 2007 में शुरू हुए 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 3' से मिला। उन्होंने 2013 में कॉमेडी नाइट्स विद कपिल और बाद में 2016 से 2023 तक द कपिल शर्मा शो की होस्टिंग की, जिसके बाद से ही वो छाए हुए हैं।

### कपिल कार कलेक्शन

कपिल शर्मा के कार कलेक्शन की बात करें, तो एक वोल्वो XC90, मर्सिडीज-बेंज S350, रेंज रोवर इवोक और 5.5 करोड़ रुपये की एक कस्टम-डिजाइन वाली वैनिटी वैन उनके पास है।

### कपिल का करोड़ों का घर

उनके पास अंधेरी में 15 करोड़ रुपये का एक आलीशान अपार्टमेंट है, जहां वह अपनी मां, पत्नी गिन्नी चतरथ और अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। उनका भव्य घर काफी खूबसूरत है। हमने पहले भी उनके घर की फोटोज दिखाई हैं। इसके अलावा, कपिल शर्मा के पास चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में एक फार्महाउस भी है, जिसकी कीमत 25 करोड़ रुपये है।



### सुनील ग्रोवर की कमाई

इस बीच, सुनील ग्रोवर को हर एपिसोड के लिए 25 लाख रुपये मिलते हैं। इस शो में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करण जौहर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर जैसे स्टार्स आ चुके हैं। शो की सफलता कपिल की पूरी टीम पर टिकी हुई है।